

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 10 जुलाई 2025 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष -41 ■ अंक-103 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 11 जुलाई 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


# शराब घोटाला मामले में 22 अधिकारी निलंबित

रायपुर,10 जुलाई

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 3200 करोड़ रुपये के शराब घोटाले मामले में राज्य सरकार ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 22 आबकारी अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इसका आदेश आबकारी विभाग ने जारी किया है। बता दें कि सोमवार 7 जुलाई को 29 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा ने विशेष कोर्ट में करीब 2300 पन्नों का चालान पेश किया था, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। उल्लेखनीय है कि शराब घोटाले के इस मामले में 29 आरोपियों को EOW की ओर से समन जारी किया गया था, लेकिन गिरफ़्तारी के डर से कोई भी आरोपी कोर्ट में पेश नहीं हुए। अब अदालत इन सभी आरोपियों को 20 अगस्त तक पेश होने के लिए नोटिस जारी किया है।

**ये अधिकारी हुए हैं निलंबित**-जनार्दन कौरव, पिता पंचम सिंह, उम्र 50 वर्ष, सहायक जिला आबकारी अधिकारी।,अनिमेष नेताम, पिता आनंद नेताम, उम्र 49 वर्ष, उपायुक्त आबकारी।विजय सेन शर्मा, पिता पीसी सेन शर्मा, उम्र 48 वर्ष, उपायुक्त आबकारी।अरविंद कुमार पाटले, पिता नेवल सिंह पाटले, उम्र 49 वर्ष, उपायुक्त आबकारी।प्रमोद कुमार नेताम, पिता स्व. श्याम लाल नेताम उम्र 60 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी।रामकृष्ण मिश्रा, पिता शैलेन्द्र मिश्रा, उम्र 36 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी।विकास कुमार गोस्वामी, पिता विनोद गोस्वाम, उम्र 44 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी।इकबाल खान, पिता महूम मोहम्मद स्माईल खान, उम्र 56 वर्ष, जिला आबकारी अधिकारी।नितिन खंडुजा, पिता रवीन्द्र खंडुजा, उम्र 53 वर्ष, सहायक जिला आबकारी अधिकारी।नवीन प्रताप सिंग तोमर, पिता भगवान सिंह तोमर, उम्र 43 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी।मंजुश्री कसेर, पति रामचन्द्र सारस, उम्र 47 वर्ष, सहायक आबकारी



**राज्य सरकार ने जारी किया निलंबन आदेश**

अधिकारी।सौरभ बख्शी, पिता राजीव बख्शी, उम्र 41 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी।दिनकर वासनिक, पिता डॉ पीएल वासनिक, उम्र 42 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी।मोहित कुमार जायसवाल, पिता रामलाल जायसवाल, उम्र 46 वर्ष, अधिकारी जिला आबकारी।नीतू नोतानी ठाकुर, पति मोहन दास नोतानी, उम्र 45 वर्ष, उपायुक्त आबकारी।गरीबपाल सिंह दर्दी, पिता दिलबाग सिंह दर्दी, उम्र 59 वर्ष, जिला आबकारी अधिकारी।नोहर सिंह ठाकुर, पिता गौतम सिंह ठाकुर, उम्र 45 वर्ष, उपायुक्त आबकारी।सोनल नेताम, पिता एम. एस. नेताम, उम्र 36 वर्ष, सहायक आयुक्त, आबकारी।प्रकाश पाल, पिता सपन कुमार पाल, उम्र 44 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी।अलेख राम सिदार, पिता मुरलीधर सिदार, उम्र 34 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी।आशीष कोसम, पिता बृजलाल कोसम, उम्र 50 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारीराजेश जायसवाल, पिता हरीप्रसाद जायसवाल, उम्र 42 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी।

**7 रिटायर अधिकारियों को भी बनाया गया आरोपी-** ए.के. सिंग, पिता अखिलेश्वर सिंह उम्र 62 वर्ष, जिला आबकारी अधिकारी (सेवानिवृत्त),जे.आर. मंडावी, पिता नंदलाल मंडावी, उम्र 64 वर्ष, जिला आबकारी अधिकारी (सेवानिवृत्त),जी.एस. नुरूटी, पिता दयाराम नुरूटी, उम्र 63 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी (सेवानिवृत्त),देवलाल वैष, पिता स्व गोवर्धन सिंह वैध, उम्र 63 वर्ष, जिला आबकारी अधिकारी (सेवानिवृत्त),ए.के. अनंत, पिता आशाराम अंनत, उम्र 65 वर्ष, जिला आबकारी अधिकारी (सेवानिवृत्त),वेदराम लहरे, पिता जगत राम लहरे, उम्र 66 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी (सेवानिवृत्त),एल.एल. ध्रुव, पिता मोतीसिंह ध्रुव, उम्र 66 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी (सेवानिवृत्त).

## संक्षेप

### शुभांशु शुक्ला की धरती पर वापसी में हो सकती है देरी

**नई दिल्ली ,10 जुलाई।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला इन दिनों जीओम-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद हैं। यह मिशन 25 जून 2025 को अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए लॉन्च हुआ था। शुभांशु शुक्ला के साथ इस मिशन में कमांडर पेगी व्हिटसन (अमेरिका), स्लावोस उजनान्स्की-विस्निव्स्की (पोलैंड) और टिबोर कपु (हंगरी) शामिल हैं। मिशन के तहत यह टीम 12 दिनों के लिए पर भेजी गई थी, लेकिन अब इनकी वापसी में 3-4 दिन की देरी हो सकती है। यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने संकेत दिया है.

### पांच देशों की सफल यात्रा के बाद दिल्ली लौटे पीएम मोदी

**नई दिल्ली ,10 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा के बाद गुरुवार को भारत लौट आए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पीएम मोदी की यह यात्रा सफल रही है। पीएम मोदी ने पांच देशों की अपनी यात्रा में एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। उन्होंने अब तक 17 विदेशी संसदों में भाषण दिए, जो कांग्रेस के सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों के कुल रिकॉर्ड के बराबर है। उन्होंने यह उपलब्धि जुलाई 2025 के पहले सप्ताह में घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो और नामीबिया में दिए हाल ही के भाषणों के साथ हासिल की है। इस वैश्विक सक्रियता से पता चलता है कि पीएम मोदी भारत के सबसे सक्रिय नेताओं में से एक हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली,10 जुलाई।** दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार सुबह बारिश के बीच भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए. भूकंप के झटके करीब 10 सेकंड तक महसूस किए गए. भूकंप के झटके सुबह 9.04 बजे महसूस किए गए. ये झटके दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद, रोहतक, हिसार और सोनीपत में भी महसूस किए गए. भूकंप का केंद्र हरियाणा का झज्जर बताया जा रहा है. रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.4 रही.

# 6 दिन बाद यमन में फांसी, निमिषा को बचाने की आखिरी कोशिश जारी

**नई दिल्ली,10 जुलाई।** सुप्रीम कोर्ट यमन में केरल की नर्स निमिषा प्रिया की 16 जुलाई को होने वाली फांसी पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की आंशिक कार्यदिवस पीठ ने शुरू में मामले को 14 जुलाई को सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की थी। हालाँकि, वरिष्ठ अधिवक्ता रागेंथ बसंत ने बताया कि चूँकि फांसी की तारीख 16 जुलाई है, इसलिए भारत सरकार के पास राजनयिक वार्ता के लिए केवल दो दिन ही बचेंगे, जो शायद प्रभावी न हो। उन्होंने आज या कल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। लाइव लॉ के अनुसार, वकील ने कहा कि कृपया आज या कल की तारीख तय करें क्योंकि 16 तारीख ही फांसी की तारीख है। कूटनीतिक माध्यम से भी समय की आवश्यकता होती है। याचिकाकर्ता, 'सेव निमिषा प्रिया एक्शन काउंसिल' नामक एक संगठन ने केंद्र को राजनयिक माध्यमों से यमन से भारतीय नर्स की



रिहाई सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की थी। बसंत ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की थी। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, बसंत ने दलील दी कि शरीयत कानून के अनुसार, अगर पीड़ित के रिश्तेदार "रक्तदान" स्वीकार करने को तैयार हो जाएँ, तो किसी व्यक्ति को रिहा किया जा सकता है और इस विकल्प पर बातचीत की जा सकती है।

न्यायमूर्ति धूलिया द्वारा यह पूछे जाने पर कि प्रिया को मौत की सज़ा क्यों सुनाई गई, बसंत ने जवाब दिया, "मैं केरल का एक भारतीय नागरिक हूँ। वहाँ नर्स के तौर पर नौकरी करने गया था। एक स्थानीय व्यक्ति ने मुझे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया...और उसकी हत्या कर दी गई।

# बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन पर सुको में सुनवाई

## वोटर लिस्ट पर उच्चतम न्यायालय ने पलट दिया पूरा खेल!

**नई दिल्ली,10 जुलाई।** सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के साथ ही चुनाव आयोग ने अपनी-अपनी दलीलें पेश कीं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने भी चुनाव आयोग की तरफ से मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर सवाल किए। शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से कहा कि आपको यह प्रक्रिया जल्द शुरू करनी चाहिए थी। इस दौरान निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि उसे बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर कुछ आपत्तियां हैं। सुप्रीम कोर्ट बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामलों की सुनवाई की।



प्रमुख विपक्षी दलों के नेता सांसद महुआ मोइत्रा (तृणमूल कांग्रेस), मनोज कुमार झा (राष्ट्रीय जनता दल), केसी वेणुगोपाल (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस), सुप्रिया सुले (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार), डी राजा (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी), हरिंदर मलिक (समाजवादी पार्टी), अरविंद सावंत (शिवसेना यूबीटी), सरफराज अहमद (झारखंड मुक्ति मोर्चा), दीपांकर भट्टाचार्य (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन), द्रविड़ मुनेत्र कड़गम आदि द्वारा याचिकाएँ दायर की गई हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के साथ ही चुनाव आयोग ने अपनी-अपनी दलीलें पेश कीं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने भी चुनाव आयोग की तरफ से मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर सवाल किए। शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से कहा कि आपको यह प्रक्रिया जल्द शुरू करनी चाहिए थी। इस दौरान निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि उसे बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर कुछ आपत्तियां हैं। जस्टिस धुलिया ने कहा कि इसे इतना मत बढ़ाओ। इस सब में एक व्यावहारिक पहलू भी है। वे ऐसा इसलिए कर रहे हैं ताकि इन लोगों का पहले से ही सत्यापन हो जाए।

# कलेक्टरों को मिला एनएसए की कार्रवाई का अधिकार

**रायपुर,10 जुलाई।** राज्य सरकार के पास रिपोर्ट है कि कतिपय तत्व सांप्रदायिक मेल-मिलाप को संकट में डालने के लिए सक्रिय है. स्थिति को देखते हुए गृह विभाग ने विभिन्न जिलों के कलेक्टरों को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई का अधिकार प्रदान किया है. यह अधिकार एक जुलाई से 30 सितंबर तक प्रदान किया गया है. छत्तीसगढ़ शासन की ओर से गृह विभाग द्वारा राजपत्र में अधिसूचना जारी की गई है. इसमें बताया गया है कि कतिपय तत्व राज्य में सांप्रदायिक मेल-मिलाप को संकट में डालने और लोक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले कोई कार्य करने के लिए या तो सक्रिय हैं, या उनके सक्रिय होने की आशंका है. ऐसी स्थिति में रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, रायगढ़, सरगुजा, जशपुर, कोरिया, जांजगीर-चांपा, कोरबा, कबीरधाम, महासमुंद, धमतरी, जगदलपुर, दंतेवाड़ा, उत्तर बस्तर कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर, सुकमा, कोण्डागांव, बलौदाबाजार, गरियाबंद, बेमेतरा, बालोद, मुंगेली, सूरजपुर, बलरामपुर, मोहला – मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, सारंगढ़-बिलाईगढ़, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरि-भरतपुर (एम.सी.बी.), गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सक्ती के कलेक्टर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रदान की गई शक्तियों का एक जुलाई से लेकर 30 सितंबर तक उपयोग कर सकते हैं.

# बीएड डिग्री धारकों को नहीं मिलेगा वरिष्ठता का लाभ

**रायपुर,10 जुलाई।** बीएड डिग्रीधारी बर्खास्त शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान के पद पर समायोजन के बाद पूर्व सेवा अवधि का लाभ नहीं मिलेगा। उनके सर्विस रिकॉर्ड में सहायक शिक्षक के पद पर किए गए सेवा को उनकी अहर्तादायी सेवा में नहीं जोड़ा जायेगा। सहायक शिक्षक विज्ञान के पद से शुरू किए गए नौकरी के हिसाब से ही उनकी सीनियारिटी तय होगी। DPI ने आदेश जारी कर दिया है। डीपीआई से सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के प्रदर्शन के संबंध में आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार सेवा समाप्त किए गए बीएड अहर्ताधारी सहायक शिक्षकों को समायोजन उपरांत नियुक्ति पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए थे। अब डीपीआई से जारी आदेश के तहत नव पदांकित सहायक शिक्षक प्रयोगशाला के अभ्यर्थियों का नया कर्मचारी कोड एवं नया सेवा पुस्तिका बनाया जाना है। तथा सेवा समाप्त किए गए पूर्व पद सहायक शिक्षक की सेवा अवधि को वर्तमान पद की अहर्तादायी सेवा में नहीं जोड़े जाने का आदेश दिया गया है। 10 जुलाई 2025 की स्थिति में जारी नियुक्ति आदेश एवं इसके विरुद्ध कार्यभार ग्रहण का प्रतिवेदन संबंधित संयुक्त संचालक के माध्यम से प्रेषित किए जाने का निर्देश है। इसके लिए पूर्व में प्रेषित अभ्यर्थियों के विवरण वाले एक्सेल डाटा शीट में ज्वाइन नॉट ज्वाइन का कलाम जोड़कर जानकारी संधारित कर प्रेषित करने के निर्देश दिए गए है। उपरोक्त डाटाशीट में कॉलम जोड़कर अभ्यर्थी के कक्षा 12वीं उत्तीर्ण के संकाय का उल्लेख करने के निर्देश दिए गए हैं।

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हुई थी बर्खास्तगी**-बीएड डिग्रीधारियों को सहायक शिक्षक के पद पर भर्ती कर ली गई थी। इसके खिलाफ डीएड डिग्रीधारियों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट ने बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों की सेवा समाप्ति का निर्देश दिया था। इसके खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराया था। जिसके बाद बीएड डिग्री धारी सहायक शिक्षकों को सेवा से पृथक कर दिया गया था।

# ट्रंप ने ब्राजील पर लगाया 50 प्रतिशत टैरिफ, लूला बोले- मिलेगा जवाब

**वाशिंगटन,10 जुलाई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्राजील पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप ने अपने नवीनतम टैरिफ लेटर में इस योजना की घोषणा की, जिसे सोशल मीडिया पर साझा किया गया। इस घोषणा के बाद ब्राजीलियाई राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा ने भी 'आर्थिक प्रतिशोध' की चेतावनी दी। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने ब्राजील पर अमेरिकी तकनीकी कंपनियों पर हमले करने और पूर्व ब्राजीलियाई राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो के खिलाफ विच हंटिंग का आरोप लगाया। जेयर बोल्सोनारो पर 2022 के चुनाव को पलटने की साजिश में कथित भूमिका के लिए मुकदमा चल रहा है। ब्राजीलियाई राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला



दा सिल्वा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप के इस वार पर पलटवार किया। उन्होंने 'आर्थिक प्रतिशोध' का जिक्र कर कहा कि ब्राजील पर टैरिफ बढ़ाने पर जवाबी कार्रवाई की जाएगी.

# दोहरा हत्याकांड मामला : हाईकोर्ट ने खारिज की आरोपी मां की अपील

**बिलासपुर,10 जुलाई।** हाईकोर्ट ने महासमुंद के बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड में ट्रायल कोर्ट के उम्रकैद के फैसले को बरकरार रखते हुए आरोपी मां की अपील खारिज कर दी है। कोर्ट की डिवीजन बेंच ने फैसले में कहा है कि मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित है, लेकिन ये सभी सबूत आपस में जुड़कर एक ऐसी कड़ी बनाते हैं जो संदेह से परे अपराध साबित करते हैं। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस विभू दत्त गुरु की डीबी में हुई। दरअसल, महासमुंद के लमकेनी निवासी शिक्षक जनकराम साहू ने 20 दिसंबर 2017 को पुलिस को बताया कि उनके किराएदार ईश्वर पांडे की पत्नी और बेटियां घर के अंदर खून से लथपथ पड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों लड़कियां मृत मिली और उनकी मां यमुना गंभीर रूप से घायल थी। घटना स्थल से चाकू, ब्लेड, मोबाइल, सुसाइड नोट बरामद किया गया था। पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया था। अपने बयान में उसने बताया कि उसका वैवाहिक जीवन पिछले 6 साल से ठीक नहीं चल रहा था। पति और बेटियां एक- दूसरे से प्यार करते थे। उसे ताना मारते थे, इस वजह से वह डिप्रेशन में चल रही थी, जिसकी वजह से उसने यह कदम उठाया था। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोप महिला ने डिप्रेशन और पारिवारिक तनाव के चलते वारदात को अंजाम दिया था। उसने डॉक्टरों के सामने अपने बयान में इस बात को स्वीकार भी किया कि उसने ही अपनी बेटियों की हत्या की। इसके बाद आत्महत्या की कोशिश की। मामले में महासमुंद के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने 18 मार्च 2021 को फैसला सुनाया, जिसमें महिला को आईपीसी की धारा 302(2) और धारा 309 के तहत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। दसके खिलाफ उसने हाई कोर्ट में अपील की थी। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान आरोपी महिला की तरफ से तर्क दिया गया कि वह खुद भी पीड़िता है। सालों से मानसिक रूप से अस्थिर थी। इसके अलावा उसके खिलाफ कोई प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं है, जबकि राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि घटनास्थल पर बरामद सामान, सुसाइड नोट, मेडिकल रिपोर्ट और महिला के बयान से स्पष्ट है कि वारदात उसने ही की थी।

हाईकोर्ट ने अपील खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित है। सभी साक्ष्य आपस में जुड़कर एक ऐसी श्रृंखला बनाते हैं, जो संदेह से परे अपराध को साबित करते हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि कोर्ट का निर्णय सही है और इसमें हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है।

# फूलो देवी नेताम के साथ हुई धक्का मुक्की

## सभा में एंट्री को लेकर गाड्‌र्स पर भड़की, वीडियो वायरल

**रायपुर,10 जुलाई।** राजधानी रायपुर में 7 जुलाई को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा में एंट्री के समय महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलो देवी नेताम के साथ धक्कामुक्की का मामला सामने आया है. इसे लेकर वह सिक्योरिटी गार्ड पर भड़की. जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है. दरअसल 7 जुलाई को कांग्रेस के कार्यक्रम में एंट्री को लेकर धक्का-मुक्की हो गई. जिस पर फूलोदेवी नेताम ने सिक्योरिटी पर नाराजगी जताई. जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया.बता दें कि जब महिला कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम कार्यक्रम से बाहर निकल रहीं थीं, तभी पीछे से किसी का धक्का लग गया. नेताम ने तत्काल नाराजगी जाहिर की और मौके पर



मौजूद सिक्योरिटी गाड्‌र्स को फटकार लगाई. फूलोदेवी नेताम की प्रतिक्रिया का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया.

**खड़गे ने कार्यकर्ताओं को लगाई थी फटकार**-वहीं इसी सभा में कई राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिले. अपने नेताओं को सर्वश्रेष्ठ बताने के चक्कर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में अनुशासनहीनता दिखाई दी. सभा की शुरुआत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत संबोधन के लिए पहुंचे. नेता प्रतिपक्ष के संबोधन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी. जिसे रुकवाने के लिए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और प्रभारी सचिव विजय जांगिड़ को उठकर आना पड़ा. बाद में जब पूर्व उपमुख्यमंत्री स सिंह देव मंच में संबोधन के लिए पहुंचे तो सभा स्थल में जोरदार जिंदाबाद की गूंज हुई. इधर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जब संबोधन के लिए पहुंचे तब टी स सिंह देव के समर्थकों को भूपेश बघेल के समर्थकों ने ताली, सीटी बजा कर जवाब दिया. इस बीच सभा को संबोधित करने के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी कार्यकर्ताओं से नाराज हुए. उद्‌बोधन के बीच कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की तो खरगे ने मंच से कहा, चुप बैठो, चुनाव में जोश दिखाना.

# दिल्ली-एनसीआर, एमपी और महाराष्ट्र में बाढ़ जैसे हालात, कई मौतें

**नई दिल्ली ,10 जुलाई।** दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को तेज बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार को खराब मौसम के कारण 6 फ्लाइटों को डायवर्ट करना पड़ा, जिनमें से 4 जयपुर और 2 लखनऊ भेजी गईं। कुछ उड़ानों के मार्ग बदले गए, जबकि कई में देरी दर्ज की गई। बारिश के चलते दिल्ली की कई सड़कों पर जलभराव हो गया, जिससे घंटों तक ट्रैफिक जाम लगा रहा। गुरुग्राम की हालत सबसे खराब रही, जहां सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए। कई जगह गाड़ियां पानी में फंसी रहीं और राहगीरों की कमर तक पानी पहुंच गया।

गुरुग्राम में बुधवार शाम 90 मिनट के भीतर 103 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि बीते 12 घंटे में यह आंकड़ा 133 मिमी तक पहुंच गया। हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर सभी कॉर्पोरेट कार्यालयों और निजी संस्थानों से वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था लागू करने को कहा है।

# महागठबंधन के विरोध प्रदर्शन में हुआ पप्पू यादव और कन्हैया कुमार का अपमान!

**पटना,10 जुलाई।** कांग्रेस के लिए एक संभावित शर्मिंदगी की स्थिति तब पैदा हो गई जब उसके नेता कन्हैया कुमार और पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव को एक खुली वैन में चढ़ने से रोक दिया गया, जिसमें राहुल गांधी, राजद नेता तेजस्वी यादव और कुछ अन्य वरिष्ठ नेता सवार थे। बुधवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के 'बिहार बंद' के दौरान, कुमार और यादव वैन की सीढ़ियाँ चढ़ने ही वाले थे कि उन्हें गांधी और अन्य नेताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले कुछ कर्मियों ने रोक दिया। दोनों नेताओं को रोके जाने के वीडियो अब खूब शेयर किए जा रहे



हैं। इसको लेकर भाजपा भी तंज कस रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने तंज कसते हुए कहा कि तथाकथित 'पप्पू' ने कांग्रेस को डुबो दिया, वहीं तेजस्वी यादव और कांग्रेस ने कल एक और पप्पू को रुला दिया। पप्पू यादव बिहार के एक सम्मानित नेता और सांसद हैं। बाद में, उन्होंने एक इंटरव्यू में भावुक होकर कहा कि वे इस अपमान को सह लेंगे। बिहार के दो नवाबों ने पप्पू यादव का अपमान किया। कन्हैया कुमार को ट्रक पर न चढ़ने देना दर्शाता है कि सिर्फ़ 'परिवारवादी नवाबों' को ही ट्रक पर चढ़ने की अनुमति थी।" वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता शाहनवाज हुसैन ने एक्स पर लिखा कि आज चक्का जाम के दौरान महागठबंधन के भीतर की "महाफूट" सबके सामने आ गई। न जनता आई, न कोई जोश दिखा — और जो नेता आए, उन्होंने पप्पू यादव जी का जिस तरह अपमान किया.

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 14 से

# मुख्यमंत्री साय ने कहा- पूरी तरह से तैयार है सरकार

**रायपुर,10 जुलाई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 14 जुलाई से शुरू होने जा रहा है. सत्र के दौरान विपक्ष के हमलों का सामना करने के लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है. यह बात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कही. बता दें कि हर साल की तरह इस बार भी रायगढ़ में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय शामिल होंगे. आयोजन के लिए रवाना होने से पहले रायपुर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री ने मीडिया से चर्चा में सभी को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रायगढ़ ने सांसद बनाया था, यही



वजह है कि हर साल गुरु पूर्णिमा पर जाते हैं. गुरु पूर्णिमा के साथ मुख्यमंत्री रेडी टू ईट के तहत अनुबंध पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे.

## एक नजर

### नकली सोना थमा कर असली सोना पार

**भिलाई, 10 जुलाई।** भिलाई दो ज्वेलरी शॉप में नकली सोना देकर असली लेकर जाने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है छावनी पुलिस ने बताया कि सर्कुलर मार्केट भिलाई की है घटना रामनगर सुपेला निवासी पवन कुमार सोनी की सरकुलर मार्केट भिलाई में न्यू अभिषेक ज्वेलर्स के नाम से शॉप है एक व्यक्ति पहुंचा था उसने सोने का टाप्स बताकर उसके बदले पीड़ित के शॉप से सोने की अंगुठी पसंद कर 2.780 ग्राम लिया जिसकी कीमत 29 हजार रुपए है चांदी का सिक्का 5 ग्राम का 2 नग खरीदा जो हजार रुपए का था व्यक्ति राजेश पाठक द्वारा दिए गए उक्त सोने को चेक करने पर टाप्स नकली निकला बिल भी व्यक्ति ने राजेश पाठक के नाम से ही बनाया था व्यक्ति की उम्र करीब 65 वर्ष का होगा पेंट शर्ट पहना हुआ था बाल उसके पके हुए थे व्यक्ति द्वारा इसी तरह रायपुर, दुर्ग में भी ठगी करने की जानकारी मिली है व्यक्ति की सारी हरकत सीसी कैमरे में कैद है। वहीं दूसरी घटना पावर हाउस स्थित सहेली अलंकरण में हुआ है जहां अज्ञात व्यक्ति सोने का टाप्स के बदले सोने की अंगुठी 31 हजार रूपये, 10 ग्राम चांदी का सिक्का 1205 रूपये का लेकर गया अपना नाम व्यक्ति ने राजेश रामपाल पाठक बताया है चेक करने पर उक्त सोने का टाप्स नकली निकला है जिसकी शिकायत गंजपारा दुर्ग निवासी मनोज जैन ने किया है ।

### कलेक्टर ने शिवनाथ नदी सहित बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का किया दौरा

**दुर्ग,10 जुलाई ।** लगातार हो रही भारी बारिश और मोगरा बैराज से छोड़े गए पानी के चलते शहर में जल आपूर्ति व्यवस्था बाधित हो गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने शिवनाथ नदी किनारे स्थित 24 व 42 एमएलडी इंटकवेल का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर श्रीमती अल्का बाघमार, संयुक्त कलेक्टर श्री हरवंश मिरी, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम ध्रुव, नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित तहसीलदार श्री प्रफुल्ल गुप्ता उपस्थित रहें।

निरीक्षण के दौरान पुलगांव नाले से बहकर आ रही जलकुंभी, झिल्ली व पन्नी इंटकवेल में गहराई तक फंस गई है, जिससे पाइपलाइनें जाम हो रही हैं और जल आपूर्ति बाधित हो रही है। कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर एनडीआरएफ की गोताखोर टीम को तैनात किया गया, जो इंटकवेल में उतरकर गहराई तक सफाई कार्य कर रही है। इसके बाद कलेक्टर अभिजीत सिंह और महापौर अल्का बाघमार ने पुलगांव बस्ती, महावीर कॉलोनी और खंडेलवाल कॉलोनी जैसे बाढ़ प्रभावित इलाकों का भी निरीक्षण किया और प्रभावित नागरिकों से चर्चा कर स्थिति का जायजा लिया। शहर में बीते चार दिनों से जारी मूसलाधार बारिश के कारण शिवनाथ नदी और पुलगांव नाला उफान पर हैं, जिससे नगर निगम क्षेत्र में जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इंटकवेल में जलकुंभी और कचरा हर वर्ष वर्षा ऋतु में गंभीर समस्या बन जाता है, जिससे निपटने के लिए इस बार विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। निरीक्षण के उपरांत कलेक्टर कार्यालय में बैठक आयोजित की गई जिसमें महापौर, निगम आयुक्त, जलगृह प्रभारी सहित सिंचाई विभाग व नगर निगम के अधिकारी शामिल हुए। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्थायी समाधान हेतु कार्ययोजना तैयार कर अमल में लाने के निर्देश दिए।

### आधार संचालक,ऑपरेटर के चयन के लिए दस्तावेज सत्यापन 14 जुलाई को

**महासमुंद 10 जुलाई ।** जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी के निर्देशानुसार जिले के 24 कार्यालयों में इन हाउस मॉडल के अनुसार आधार केन्द्र संचालन हेतु 26 आधार संचालक/ऑपरेटर का चयन किए जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसके दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत कुल 72 अभ्यर्थी पात्र पाए गए हैं। सूची का अवलोकन जिला कार्यालय के सूचना पटल एवं जिला महासमुन्द की अधिकृत वेबसाईट https://mahasamund.gov.in में किया जा सकता है।

उक्त सूची में उल्लेखित समस्त अभ्यर्थियों का मूल दस्तावेज सत्यापन 14 जुलाई 2025 को अपराह्न 03:00 बजे से 05:30 बजे तक कक्ष क्रमांक 22 सी.जी. स्वान कक्ष जिला कार्यालय महासमुंद में किया जाएगा। अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु मूल दस्तावेज एवं एक स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित निर्धारित तिथि एवं समय में उपस्थित होने कहा है।

### छात्रावास अधीक्षकों की काउंसिलिंग के माध्यम से पदस्थापना

**दुर्ग,10 जुलाई ।** वर्ष 2022-23 एवं 2025 में पदोन्नत हुए छात्रावास अधीक्षकों की काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापना किया जाएगा। संभाग आयुक्त श्री एस.एन. राठौर ने संभाग अंतर्गत दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के कलेक्टरों को परिपत्र जारी कर अवगत कराया है कि जिले में पदस्थ छात्रावास अधीक्षकों का संभाग स्तरीय काउंसलिंग हेतु प्रस्ताव एवं रिक्त पदों की जानकारी कार्यालय आयुक्त दुर्ग संभाग को उपलब्ध कराया गया है। जिसके आधार पर छात्रावास अधीक्षकों की वरिष्ठता सूची एवं संभाग में रिक्त पदों की सूची तैयार की गई है। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने उक्त वरिष्ठता सूची एवं रिक्त पदों की सूची संबंधित कलेक्टोरेट कार्यालय एवं जिले की वेबसाइट में प्रकाशित कर संलग्न सूची अनुसार कर्मचारियों को सूचित करने कहा है।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि 11 जुलाई 2025 तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक सुसंगत दस्तावेज सहित दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। नियत तिथि एवं समय के पश्चात् दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। संभाग स्तरीय काउंसलिंग की तिथि 14 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। उक्त काउंसलिंग निर्धारित तिथि को दोपहर 12 बजे से कार्यालय आयुक्त दुर्ग संभाग उद्योग भवन दुर्ग के सभा कक्ष में नियत की गई है।

# रिसाली में अधिकतर जलमग्न वार्डों से पानी निकाला गया

**रिसाली, 10 जुलाई।** रिसाली क्षेत्र में लगातार बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। निचली बस्तियों से लेकर पॉश कॉलोनियों तक में बारिश का पानी निकालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है । महापौर शशि सिन्हा एवं आयुक्त मोनिका वर्मा समेत सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर जलमग्न वार्डों तक न केवल पहुंचे बल्कि पानी निकासी की स्थिति का जायजा लेते रहे। आधी रात के बाद शुरू हुई बारिश का पानी सुबह-सुबह घरों के अंदर घुसने लगा। सड़क और गलियों का पानी नालों तक पहुंचकर ऊफान मारने लगा। स्थिति ऐसी थी कि बाजार क्षेत्र से



लेकर कॉलोनियों में 2.5 फीट पानी चढ़ा हुआ था। हालांकि महापौर शशि सिन्हा, एमआईसी संजू नेताम, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, जमुना ठाकुर समेत सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, आयुक्त मोनिका वर्मा के दिशा निर्देश पर राहत कार्य चलते रहा। दोपहर तक अधिकांश वार्डों से पूर्ण रूप से पानी निकासी हो चुकी थी । इंटरनेशनल कॉलोनी तालपुरी, मैत्री नगर, रिसाली बस्ती, नेवई, मरोदा स्लम क्षेत्र, वीआईपी नगर, प्रगति नगर, शक्ति विहार, सरस्वती कुंज अवधपुरी, डुण्डेरा क्षेत्रों में पानी निकासी का कार्य हो गया है। जल भराव वाले वार्डों को देख महापौर शशि सिन्हा ने पूरे क्षेत्र की स्थिति का जायजा लेने एमआईसी की बैठक बुलाई। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और सफाई ठेकेदार को बैठक में विस्तार से चर्चा की। महापौर शशि ने बारिश में विशेष कार्य योजना तैयार कर एक गैंग पानी निकासी कार्य के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। दरअसल बी.एस.पी. द्वारा शिवनाथ से मरोदा टैंक तक के लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। मलबा सड़क और माइनर नहर के आस पास छोड़ रखा है। इसे हटाने निगम ने बी.एस.पी. को पत्र भी लिखा है। यही वजह है कि परशुराम चौक से लेकर सांई मदिर तक कई जगह पानी निकासी के लिए कच्चा रास्ता बनाना पड़ा।

### श्रावणी मेला के दर्शनार्थियों के लिए रेल गाड़ियों के अस्थायी ठहराव की सुविधा

**भिलाई, 11 जुलाई।** महादेवसाल मंदिर में श्रावणी मेला के अवसर पर दर्शनार्थियों की विशेष सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के महादेवसाल स्टेशन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली 4 जोड़ी गाड़ियों का 2 मिनट के लिए अस्थायी ठहराव की सुविधा 11 जुलाई से 9 अगस्त तक दी गई है। इस सुविधा की उपलब्धता से श्रावणी मेला के अवसर पर महादेवसाल मंदिर के दर्शनार्थियों को बेहतर यात्रा सुविधा सुनिश्चित होगी। 11 जुलाई से 9 अगस्त तक दुर्ग-आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस, पुरी-योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस, टाटानगर-इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस, का महादेवसाल स्टेशन में 02 मिनट का ठहराव रहेगा। टाटानगर-बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस का महादेवसाल स्टेशन में 2 मिनट का ठहराव रहेगा ।

### महापौर और आयुक्त ने किया नालों का निरीक्षण

**धमतरी 10 जुलाई।** नगरनिगम धमतरी द्वारा वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आज महापौर श्री रामू रोहरा एवं आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल द्वारा सोरिद नाला, पी.डी. नाला एवं नवागांव क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान अधिकारियों ने देखा कि पहले की अपेक्षा नालों की सफाई औरं मरम्मत के चलते जल निकासी व्यवस्था में सुधार हुआ है। भारी बारिश के बावजूद जलभराव की समस्या में कमी देखी गई है।

# मोरिद रोड़ पर हत्या के मामले में 5 लोग गिरफ्तार



**भिलाई, 10 जुलाई।** भिलाई डूण्डेरा मोरिद रोड पर हुए युवक के हत्या के मामले में पुलिस ने पांच युवकों को गिरफ्तार किया है घटना उत्तई थाना अंतर्गत डुंडेरा-मोरीद सड़क मार्ग की घटना का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) अभिषेक झा ने बताया कि जा 3 जुलाई की रात को जंजगिरी निवासी राजकुमार यादव का धारदार नुकीले हथियार से सिर सीने समेत शरीर के विभिन्न अंगो में गंभीर चोट आने की सूचना मिली थी उतई थाने पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां बयान के बाद युवक ने दम तोड़ दिया था आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पुलिस को पता चला कि मोरिद से डुण्डेरा जाने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति पैदल आ रहा था तभी स्कार्पियों वाले युवकों ने उसको लूटने का प्रयास किया था मृतक राज कुमार यादव ने मौत से पहले बयान में स्कार्पियों वाहन में सवार युवकों की जानकारी दी थी पुलिस ने 150 सीसीटीवी कैमरों का फूटेज और 1500 मोबाईल नंबरों का परीक्षण कर आरोपियों को पकड़ा रामनगर कुम्हारी निवासी लोकेश सारथी से पूछताछ में पता चला कि राज किशोर उर्फ छोटू, आकाश उर्फ हड्डी देवार, महाराजा देवार, चंद्रामा चौक खुर्सीपार उमेश टण्डन स्कार्पियों वाहन से मोरिद आ रहे थे तभी राज कुमार स्कूटी में अकेला मोरिद सड़क पर दिखा राज कुमार मोबाइल से बात कर रहा था। तभी महाराजा देवार, आकाश उर्फ हड्डी गाड़ी ने वाहन से उतरकर मृतक का मोबाईल लूटने का प्रयास किया। जिसे लेकर मृतक विरोध करने लगा, आरोपियों ने उसके साथ हाथापाई किया आरोपी महाराजा देवार पेचकश से मृतक के सीने पर वार किया आकाश अपने पास रखे चाकू से मृतक के पैर व पेट स्थलों पर वार किया। उसके बाद आरोपियों ने राजकुमार को अधमरा छोड़कर मौके से फरार हो गए आरोपियों ने मृतक का मोबाइल नगदी रकम अपने पास रखे थे आरोपियों ने तैयार की थी मेगा बनाने हिस्ट्रीशीट उतई टीआई शिव चंद्रा ने बताया कि आरोपियों ने अपना गैंग हिस्ट्रीशीट तैयार कर ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध को अंजाम दिया करते थे मोरिद में हत्या करने के बाद आरोपियों ने धौराभाठा मोड के पास एक हाइवा चालक को चाकू दिखाकर पर्स, मोबाईल लूटपाट कर भागे थे घटना को अंजाम देने के लिए ही अपना ठगैंग हिस्ट्रीशीट बनाकर रखे हुए थे आरोपी लोकेश सारथी, महाराजा देवार, राजकिशोर, आकाश उर्फ हड्डी का पूर्व अपराधिक रिकार्ड है पुलिस आरोपी राज किशोर वैष्णव उर्फ छोटू स्कार्पियों, लोकेश सारथी, निखिल ठाकुर उर्फ विक्की चौधरी की संपत्ति को जब्त किया जाएगा घटना का मॉस्टर माइंड महाराजा देवार फरार है।

### बलौदाबाजार-भाटापारा में ट्रैफिक पुलिस की सख्ती, 127 वाहन चालकों से 64,200 समन शुल्क वसूला गया

**बलौदाबाजार, 10 जुलाई ।** जिले में यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस की सख्ती लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में जिला यातायात पुलिस ने 9 जुलाई 2025 को विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कुल 127 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए 64,200 समन शुल्क वसूला गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दोपहिया वाहन में तीन सवारी बैठाने वाले 27 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ?8100 का जुर्माना वसूला गया। वहीं, बिना हेलमेट वाहन चलाने के मामले में 4× चालकों से 21,500 समन शुल्क लिया गया। इसके अलावा नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़े करने पर 20 लोगों से ?6000 का जुर्माना वसूला गया।यातायात पुलिस द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और ट्रैफिक्र व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने साफकिया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें ताकि जिले में सुरक्षित और सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनी रहे। पुलिस ने यह भी कहा है कि वह नागरिकों की सेवा और सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है।



### रामनगर में भक्तों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

**भिलाई, 9 जुलाई।** शिव मंदिर हनुमान मंदिर रामनगर वार्ड-15 में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पवन पुत्र बजरंगबली के भक्तों द्वारा हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया गया। इस धार्मिक आयोजन में मोहल्लेवासियों ने भी भाग लिया।

# अवैध ई-सिगरेट, हुक्का जब्त, 7 गिरफ्तार



**भिलाई, 10 जुलाई।** पुलिस ने तंबाकू युक्त हुक्का का सेवन करने वालों के खिलाफ लंबे समय बाद कार्रवाई की है। पुलिस ने इस पर कार्रवाई करते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार किया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि डेली निड्स की दुकान पर अवैध रूप से तम्बाखू युक्त पान दुकान, डेली निड्स की दुकान में दबिश हुक्का का सेवन कराए जाने की शिकायत मिली थी उन्होंने मोहन नगर थाने की पुलिस को स्टेशन रोड दुर्ग स्थित उस डेली नीड्स की दुकान में भेजा पुलिस ने दुकान में छापा मारा दुकान संचालक सिंधी कालोनी दुर्ग निवासी रोहित जसवानी को गिरफ्तार कर जब दुकान की तलाशी ली गई तो वहां से अवैध रूप से सिगरेट, हुक्का और उसमें उपयोग की जाने वाली तंबाकू व अन्य सामाग्री जब्त की गई। पुलिस ने यहां से इलेक्ट्रानिक सिगरेट, हुक्का पार्ट सहित करीब 3 लाख 52 हजार रुपए का सामान जब्त किया है इसके साथ ही गुलेरी पान दुकान सिविक सेंटर के संचालक मैत्रीकुंज रिसाली निवासी अंकित उपाध्याय को गिरफ्तार किया इसके साथ ही पुलिस ने नेहरू नगर स्थित प्यूमेल डेली निड्स का संचालक नेहरू नगर निवासी हरीश तलरेजा, वंश पान पैलेस का संचालक माडल टाउन स्मृतिनगर निवासी कैलाश धनकुटे, कैलाश डेली नीड्स का संचालक कोहका सुपेला निवासी कैलाश बिसाई, लक्की चंदानी, कादम्बरी नगर, दुर्ग लक्ष्मीकांत दुबे जुनवानी, स्मृतिनगर व्दारा अपनी दुकान के माध्यम से चोरी-छिपे लोगों को तम्बाखू युक्त हुक्का का सेवन कराया जाना पाया गया वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाने पर आरोपियों के कब्जे से हुक्का की सामग्री जब्त की गई गया है अंकित पान ठेला में आने वाले ग्राहकों को चोरी छुपे हुक्का पिलाता था हुक्का पीने का सामान अलग अलग फ्लेवर का हुक्का पॉर्ट भी बेचता है तलाशी लेने पर पान दुकान से हुक्का पीने का सामान कई फ्लेवर अबजल कंपनी की नशीली तंबाखू 25 पैकेट जब्त किया है

# तरेगांव जंगल के स्कूल में कलेक्टर ने बांटी किताबें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,10 जुलाई।** कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम तरेगांव जंगल की हरियाली आज शिक्षा के उजाले से और भी हरी-भरी हो गई, जब कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने इस सुदूरवर्ती अंचल में संचालित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों को राज्य शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और कहा कि बच्चों के हाथों में किताबें होना केवल ज्ञान का प्रतीक नहीं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की ठोस बुनियाद है। और जब बेटियां शिक्षित होती हैं, तो वे दो कुलों को शिक्षित करती हैं। यह केवल एक लड़की का सशक्तिकरण नहीं, बल्कि एक पूरे समाज का जागरण है।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि सरकार की योजनाएं तभी सार्थक होंगी, जब हम इनका लाभ अंतिम छोर तक बैठे बच्चे तक पहुँचाएं। शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे एक सामान्य बच्चा भी असाधारण लक्ष्य प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री वर्मा ने राज्य शासन की 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की धारा है। उन्होंने सभी शिक्षकों, अभिभावकों और समाज के जागरूक नागरिकों से आह्वान किया कि बेटी पढ़ेगी तभी समाज बढ़ेगा। यह अभियान केवल पोस्टर या नारा नहीं, बल्कि जनचेतना का हिस्सा बनना चाहिए। हमें गांव-गांव, घर-घर जाकर यह विश्वास जगाना है कि हर बेटी को शिक्षा का अधिकार और अवसर दोनों मिले।कलेक्टर ने विशेष रूप से वनांचल की बेटियों से बात करते हुए उन्हें आत्मविश्वास और लगन के साथ पढ़ाई जारी रखने की प्रेरणा दी। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू ने बताया कि जिले में 150 शासकीय हाई स्कूल संचालित हो रहे हैं। इनमें कक्षा 9वीं में 13,585 विद्यार्थी तथा कक्षा 10वीं में 10,215 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।उन्होंने जानकारी दी कि राज्य शासन से इन सभी विद्यार्थियों के लिए समस्त पाठ्यक्रम की पुस्तकें प्राप्त हो चुकी हैं, जिन्हें स्थानीय प्राचार्यों के माध्यम से नियमित रूप से वितरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र के आरंभ के साथ ही पुस्तकें उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन ने त्वरित पहल की है।कलेक्टर ने पाठ्यक्रम पुस्तक की मॉनिटरिंग के दिए निर्देशकलेक्टर गोपाल वर्मा ने मौके पर ही विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और संकुल प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पुस्तकों के वितरण की सघन मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बच्चा या बच्ची पुस्तक वितरण से वंचित न रहे। यदि कहीं कोई बाधा या कमी हो, तो उसकी त्वरित जानकारी जिला मुख्यालय तक पहुँचे और तत्काल निराकरण हो। उन्होंने कहा कि वनांचल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना केवल एक प्रशासनिक लक्ष्य नहीं, बल्कि नैतिक और मानवीय जिम्मेदारी भी है।

### मृतकों के परिजनों को मिली 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग, 10 जुलाई ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ढ़ाबा जिला दुर्ग निवासी मृतिका नीता बाई विगत 11 जनवरी 2024 को आग में जल जाने के पश्चात् ओम अस्पताल रायपुर में उपचार के दौरान 18 जनवरी 2024 को मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार ग्राम नगपुरा निवासी मृतिका बिराजो बाई विगत 27 अगस्त 2024 को एनीकेट शिवनाथ नदी के गहरे पानी में डुबने से एवं ग्राम निकुम निवासी मृतक डिलेश कुमार पटेल विगत 18 जनवरी 2023 को आग से जल जाने के पश्चात् उपचार के दौरान 21 मार्च 2023 को मृत्यु हुई थी।

# नगर निगम के अधिकारियों ने किया जलभराव क्षेत्र का निरीक्षण



**भिलाई, 11 जुलाई।** संपूर्ण क्षेत्र में मानसूनी प्रभाव एवं प्रकृति का कहर रूपी अतिवृष्टि के कारण जल भराव की स्थिति निर्मित हुई है। सुरक्षागत कारणों से महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, महापौर परिषद सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी एवं निगम टीम सुबह 07.30 बजे से दोपहर तक विभिन्न क्षेत्रों में दौरा किए। दीक्षित कॉलोनी स्थित कोसानाला, साकेत नगर कोहका, इंदु आईटी स्कूल के सामने नाला, कोसानाला के समीप बने पीएम आवास, कोसा नगर गौठान, जुनवानी रोड स्थित एम जे कॉलेज आदि स्थलों का बड़ा नाला सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किए। नाला पुल में बहकर आए जलकुम्भी, लकड़ी एवं अन्य अपशिष्ट को हटाने का कार्य करवाये। दीक्षित कॉलोनी स्थित कोसानाला की सफाई एवं एम.जे. कॉलेज के समीप नाला में फंसे जलकुम्भी की सफाई महापौर, सभापति, प्रभारी सदस्य सहित पार्षदगण अपने समक्ष 3-4 घंटे तक खड़े रहकर कराये। जल भराव के निपटान हेतु 3 जेसीबी, 3 डंपर एवं ट्रैक्टर के द्वारा सुबह से दोपहर तक फंसे जलकुम्भी एवं अन्य अपशिष्ट को हटाने का कार्य निगम के सफाई कर्मियों द्वारा लगातार किया गया है। प्राकृतिक आपदा से निपटने हेतु निगम के सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी सुबह से शाम तक लगे रहे । चंद्रा मौर्या अंडर ब्रिज का अवलोकन किया गया सुरक्षा के दृष्टि से बेरिकेटिंग किया गया है। जल निकासी हेतु सम्पवेल में पंप लगातार संचालित है। शहर के अन्य स्थल पर जल भराव जैसी स्थिति निर्मित हुई है, जिसका तत्काल समाधान कराया गया है। निगम आयुक्त के द्वारा निरंतर तीन पाली में सुपरवाइजर एवं सफाई कर्मचारी तैनात रखने एवं निगरानी हेतु स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान सभापति गिरवर बंटी साहू, पार्षद महेश वर्मा, संतोष मौर्या, जोन आयुक्त अजय राजपूत, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

### विद्यार्थी ने अहिल्या बाई के जीवन का किया विहंगम चित्रण



**भिलाई, 11 जुलाई।** रानी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती पर छत्तीसगढ़ के प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने इस निमित्त उनकी मनोहारी पेंटिंग का निर्माण किया है। जिसमें उनके जीवन से संबंधित मुख्य घटनाओं का विहंगम चित्रण है। चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने अपनी कला में रानी अहिल्या बाई के विधवा हो जाने पर उनके राज्य में आक्रमण करने आने वाले राजाओं को लिखे खत में उनकी कूटनीतिक परिपक्वता का वर्णन किया है। वहीं उनके पुत्र के रथ से गाय के बछड़े की मौत पर पुत्र को भी वैसी ही सजा दिए जाने का मार्मिक चित्रण है। अहिल्या बाई होलकर भगवान् शिव की अनन्य उपासक थी जिन्होंने शक्तिशाली नारी सेना का गठन किया था।

# निगम की बैठक में दो अधिकारियों की विदाई, कई अहम मुद्दों पर चर्चा

**भिलाई, 10 जुलाई।** नगर निगम के सभागार में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में पाक्षिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें 2 अधिकारियों की बिदाई समारोह पश्चात निकाय हित के कई महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा किया गया। जोन आयुक्त सतीश यादव का स्थानांतरण थान खम्हरिया एवं बृजेश श्रीवास्तव की पदोन्नति सहायक अभियंता के पद पर कोंडागांव हुई है। दोनों अधिकारियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें उनके किये गये महत्वपूर्ण कार्यों को निगम आयुक्त, अधीक्षण अभियंता एवं अन्य अधिकारियों ने प्रशंसा करते हुये याद किया। निगम आयुक्त ने समीक्षा बैठक अंतर्गत रैन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य अति शीघ्र करने का निर्देश दिए। प्रत्येक घर का कार्य शुरुआत पश्चात 3 दिवस के अंदर कार्य पूर्ण करने एवं निगम क्षेत्रांतर्गत कार्यो को 1 माह के अंदर कार्य पूर्ण करने का निर्देश जोन आयुक्तों एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के एजेंसियों को दिये हैं। मोर जमीन मोर मकान (बी.एल.सी.) अंतर्गत अपूर्ण घर जिसमें 97 में से मात्र 20 घर का कार्य नोटिस पश्चात् पुनः शुरू किये हैं, जिसमें 77 घर के अधूरे कार्यो को तत्काल पूर्ण कराये जाने का निर्देश कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा को दिया गया है। तत्पश्चात् कलेक्टर समय सीमा, कलेक्टर जनदर्शन, आयुक्त टी.एल, निदान 1100 एवं अन्य में प्राप्त आवेदनों को तत्काल निराकरण हेतु आदेश किया गया। पदोन्नति एवं अनुकंपा नियुक्ति आदि पर भी चर्चा किया गया। गोकुल नगर कुरूद स्थित पशुपालकों को राशि जमा कराते हुए आवंटित भूमि के लीज अविलंब कराने निर्देशित किया गया एवं पशुपालकों के द्वारा जमीन विक्रय किये जाने की स्थिति में निरस्तीकरण किये जाने हेतु राजस्व अधिकारी को आदेशित किया गया। भवन अधिकारी को निर्देशित किए कि भविष्य में नाला किनारे बसाहट न होने दें जिससे बाढ़, आपदा एवं दुर्घटना से बचा जा सके। अवारा मवेशी पकड़ने का कार्य लगातार जारी रखने हेतु कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह को निर्देशित किया गया। घर बैठे 27 सरकारी सेवा का लाभ लेने हेतु मोर संगवारी सेवा में टोल फ्री नं 14545 पर कॉल करें। ई सेवा सिटी बस संचालन हेतु रूट तैयार करने का निर्देश नोडल अधिकारी को दिए हैं । आवश्यक एवं जनप्रतिनिधियों से प्रस्तावित कार्यो को सिटी डेवलपमेंट प्लान में शामिल करना है। ई. ऑफिस सेवा अंतर्गत दस्तावेजीकरण का कार्य प्रारंभ करने हेतु ट्रेनिंग दिया गया है, समय के अनुसार कार्य त्वरित निराकरण करने का निर्देश दिया गया है। संपत्ति कर हेतु 154 लोगों के स्व विवरणी का स्थल परीक्षण पश्चात सत्यता की जांच जारी है। जिनका जांच नहीं हुआ है वे निगम आकर सुधार करा सकते हैं। कार्यालय में सुविधा हेतु स्थापित इंटरकॉम का उपयोग करने सहित अन्य निर्देश निगम आयुक्त द्वारा किया गया है । समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, अजीत कुमार तिग्गा, उपायुक्त नरेंद्र बंजारे, जोन आयुक्त ऐशा लहरे, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता सहित कार्यपालन अभियंता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप-समाचार

### ऑयल पॉम खेती के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**बलौदाबाजार,10 जुलाई.**कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार क़ो जिला पंचायत के सभागार में नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल ऑयल पॉम का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के किसानों क़ो ऑयल पाम खेती के फायदे एवं सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी के बारे में जानकारी दी गई। ऑयल पॉम के कंपनी प्रि यू नि क एशिया प्राईवेट लिमिटेड के अधिकारी द्वारा उत्पादन संबंधी समस्त क्रियाकलापों एवं विक्रय से संबंधित विस्तृत जानकारी कृषकों को देते हुए बताया कि प्रति हेक्टेयर 143 नग ऑयल पॉम पौधे हेतु 29000 रूपये अनुदान प्रदाय किया जाता है साथ ही प्रथम वर्ष से चतुर्थ वर्ष तक रखरखाव, उर्वरक खाद आदि हेतु भी अनुदान राशि प्रदान की जाती है। ऑयल पॉम की खेती से वार्षिक उत्पादन प्रति एकड़ 10 से 12 टन उत्पादन होता है।उत्पादन के लिए न्यूनतम मजदूरों की आवश्यकता होती है। ऑयल पॉम की खेती हेतु प्रति हेक्टेयर पहले 4 वर्षों में 25000 से 30000 हजार प्रति वर्ष (भूमि की तैयारी, पौध रोपण, सिंचाई, खाद इत्यादि) अनुमानित लागत आता है। उसके पश्चात 4 से 6 वर्ष में प्रति हेक्टेयर खरीदी मूल्य 18351 प्रति टन के आधार पर रूपये 70,000 से 2,70,000 रूपये तक अनुमानित आय भी प्राप्त होता है। अनुबंधित संस्था द्वारा उत्पादन का क्रय किया जाना अनिवार्य होता है। खरीदी दर पर 100 प्रतिशत उत्पादन खरीदी कंपनी की जवाबदारी होगी, अन्य तिलहन की तुलना में ऑयल पॉम में 5 से 6 गुना अधिक तेल उत्पादन होती है।



### श्रम विभाग ने मजदूरों को दिलाई लंबित मजदूरी राशि

**बलौदबाजार,10 जुलाई.** श्रम विभाग बलौदाबाजार ने एक निजी कंपनी में काम करने वाले 33 मजदूरों क़ा दो माह से लंबित मजदूरी राशि 5 लाख 73 रुपये का भुगतान कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार डीसीपीएल रेल एण्ड इंजीनियरिंग प्रा.लि. बलौदाबाजार अंतर्गत फेब्रिकेशन का कार्य करने वाले मजदूरों को माह मई एवं जून कुल दो माह की मजदूरी राशि प्रदान नहीं किया गया था। बलौदाबाजार विकासखण्ड के मगरचबा रोड,खोरसीनाला पनगांव निवासी अस्थेश्वर रात्रे एवं अन्य 32 मजदूरों के साथ कार्यालय श्रम पदाधिकारी बलौदाबाजार में शिकायत दर्ज कराई। श्रम विभाग ने उक्त शिकायत पर संज्ञान लेते हुए दोनो पक्षों को बैठक बुलाया गया। बैठक में अनावेदक संस्थान द्वारा उक्त राशि दिलाये जाने के संबंध में आश्वासन दिया गया था। श्रम विभाग द्वारा मजदूरों को उनकी बकाया मजदूरी राशि 573112 रूपये चेक के माध्यम से प्रदान की गई। मजदूरी राशि मिलने पर सभी मजदूरों द्वारा शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



### सडक दुर्घटना पीड़ितों को डेढ़ लाख रुपये तक कैशलेश उपचार की सुविधा

**बलौदाबाजार, 10जुलाई.** केंद्र सरकार ने देशभर में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस ईलाज की योजना से सम्बंधित अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को प्रति व्यक्ति डेढ़ लाख रुपये तक का कैशलेस ईलाज की पात्रता होगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी किया है। यह योजना 5 मई, 2025 से लागू हो गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार कोई भी व्यक्ति जो किसी सड़क पर मोटर वाहन के उपयोग से होने वाली दुर्घटना पीड़ित होता है,वह ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिन की अवधि के लिए किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ित व्यक्ति 150000 रुपये तक कैशलेस इलाज की पात्रता प्रावधानित है। इसके साथ ही राहवीर योजनान्तर्गत कोई भी व्यक्ति जो गंभीर सडक दुर्घटना में पीड़ित की तत्काल सहायता करके अस्पताल या ट्रामा केयर सेंटर में पहुंचाकर चिकत्सा उपचार हेतु पहल कर जान बचाई हो ऐसे राहवीर व्यक्ति (गुड सेमेरिटन ) क़ो 25000 रुपये तक पुरस्कार की राशि देने का प्रावधान है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में इन दोनों योजनाओं के क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

### हथियार से केक काटते हुए अपना जन्मदिन मनाने वाले को किया गया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार,10 जुलाई।** ग्राम सुंद्रावन का आरोपी मनीष चतुर्वेदी द्वारा अपने जन्म दिन मनाते समय एक लोहे का तलवारनुमा हथियार से केक काटते हुए वीडियो को सोशल मीडिया मे पोस्ट किया गया, जिस पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना गिधपुरी पुलिस द्वारा ग्राम सुंद्रावन पहुंचकर घेराबंदी कर सोशल मीडिया मे वायरल फोटो के हुलिया के व्यक्ति को पकडकर उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम मनीष चतुर्वेदी बताया गया, जिसे वायरल वीडियो के संबंध मे पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक 07.07.2025 के रात्रि करीबन 09.00 बजे ग्राम सुन्द्रावन में अपने जन्म दिन पर केक को एक लोहे का तलवारनुमा हथियार से काटते समय वीडियो बनाया था, जिसे सोशल मीडिया मे डालना व उक्त तलवार को अपने घर मे छिपाकर रखना बताया।

# सभी को हँसाने वाला कवि हमें रुलाकर चला गया : मुख्यमंत्री साय

रायपुर, 10 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के जोरा स्थित श्री सालासर बालाजी धाम के सभागार में आयोजित सुप्रसिद्ध कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय डॉ. दुबे के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य और शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हास्य-व्यंग्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे। सभी को हँसाने वाला यह महान कवि आज हमें रुलाकर चला गया।

उन्होंने अपनी विलक्षण काव्य प्रतिभा के माध्यम से न केवल देशभर में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया। उनका आकस्मिक निधन पूरे राज्य और साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई असंभव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में उन्होंने अनेक कवि सम्मेलनों में भाग लिया है, और शायद ही कोई प्रमुख आयोजन ऐसा रहा हो जहाँ डॉ. दुबे की उपस्थिति न रही हो। हर मंच पर उन्हें देश के प्रतिष्ठित कवियों द्वारा विशेष सम्मान प्राप्त होता था। उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने भी श्रद्धांजलि सभा में स्व. डॉ. सुरेंद्र दुबे को नमन करते हुए कहा कि वे केवल एक कवि नहीं, बल्कि एक जिंदादिल और ऊर्जावान व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति को सम्मान दिलाया। उन्होंने प्रदेश के कोने-कोने में घूम-घूमकर लोगों को न केवल हँसाया, बल्कि सामाजिक चेतना भी जगाई। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र दुबे के परिजन एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।



## समस्त वार्डों में नियमानुसार सम्पति कर निर्धारण करने दिए निर्देश

रायपुर,10 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप ने नगर निगम के सहायक राजस्व अधिकारियों सहित सभी 10 जोनों और निगम मुख्यालय के सम्पूर्ण राजस्व अमले की आवश्यक बैठक बुलाकर निगम राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा निगम अपर आयुक्त श्री यू. एस. अग्रवाल, उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा, श्री जसदेव सिंह बाबरा, आईटी विशेषज्ञ श्री रंजीत रंजन की उपस्थिति में ली. आयुक्त श्री विश्वदीप ने निगम राजस्व अमले से रायपुर नगर निगम क्षेत्र की सभी गैर मूल्यांकित और मूल्यांकित सम्पतियों के सर्वे के सम्बन्ध में सभी जोन सहायक राजस्व अधिकारियों से जोनवार और वार्डवार जानकारी ली और चालान के सम्बन्ध में नगर निगम राजस्व अमले को आवश्यक निर्देश दिए. आयुक्त ने सभी 70 वार्डों में सभी राजस्व निरीक्षकों और सहायक राजस्व निरीक्षकों को नियमानुसार सम्पतिकर निर्धारण कार्य हेतु सर्वे करने के निर्देश दिए. आयुक्त श्री विश्वदीप ने नगर निगम रायपुर के राजस्व विभाग की ओर से रायपुर नगर निगम क्षेत्र के रहवासी सभी नागरिकों से गैर मूल्यांकित सम्पतियों के सर्वे के कार्य में रायपुर नगर निगम के राजस्व विभाग के अमले को सभी आवश्यक दस्तावेज देकर सहयोग करने और कार्यवाही की परेशानी से बचने अपना देय सम्पतिकर समय पर नगर निगम रायपुर के राजस्व विभाग को अदा करने की अपील की है.






## भावना गुप्ता ने थाना राजादेवरी का किया वार्षिक निरीक्षण

**बलौदाबाजार,10 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा थाना राजादेवरी का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा थाना प्रभारी सहित थाना में उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने के सभी अधिकारी/कर्मचारियों की परेड लेकर सलामी ली गई एवं सभी कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया गया। श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा थाने में दर्ज विभिन्न गंभीर अपराध एवं थाना में पेंडिंग अपराधों, शिकायत, मर्ग एवं लंबित अपराधों एवं सुशासन त्यौहार में प्राप्त शिकायत का भी निर्धारित समयावधि में सार्थक निराकरण करने हेतु थाना प्रभारी राजादेवरी को निर्देशित किया गया।



## सौर ऊर्जा से लोगों को आसानी से मिल रही बिजली

**बलौदाबाजार, 10 जुलाई** . सूरज की तेज गर्मी से सोलर पैनल को ऊर्जा मिलने से लोगों को आसानी से बिजली मिल रही है जिससे घर रोशन हो रहे हैं।प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। बलौदाबाजार शहर के प्रतिष्ठा कॉलोनी निवासी प्रसन्न दीवान ने इस योजना के तहत अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम स्थापित कर योजना का लाभ उठाया है। उन्होंने बताया कि योजना की जानकारी उन्हें समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त हुई जिसके बाद उन्होंने बिजली विभाग से संपर्क कर विस्तृत जानकारी ली। श्री दीवान ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन और सरल है।



उन्होंने योजना के तहत आवेदन कर 5 किलोवाट का सौर ऊर्जा प्रणाली अपने घर में स्थापित कराया, जिससे उन्हें ₹78,000 की सब्सिडी प्राप्त हुई। यह प्रणाली पिछले 6 महीनों से सुचारू रूप से कार्य कर रही है और इससे उन्हें प्रत्यक्ष रूप से आर्थिक लाभ हो रहा है।

## पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू पुल पैदल पार कर पहुंची ग्रामीणों से हुई रूबरू

तरूण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छूरिया,10 जुलाई।** छूरिया ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम दतरेगाटोला पहुंचने पर गांव वालों ने बताया एक पूल बह चुका है। दोनों ओर पूल पर बाढ़ आने से आवाजाही में हुई दिक्कत अपने गांव में ही फंसे हुए लोग ग्रामीण मानसून आगमन के फल स्वरुप खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में पिछले दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है और इस बारिश के कारण क्षेत्र के अनेक गांव के पुल पुलिया उफान पर है छुरिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत पठानढोढ़गी के आश्रित ग्राम दतरेंगाटोला के दोनों ओर स्थित पुल पर बाढ़ आ चुका है जिसके कारण एक पुलिया बह चुका है तथा दूसरे पुल पर पानी घुटने से ऊपर तक बह रहा है जहां से ग्रामीण को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है और इसकी सूचना पूर्व विधायक छन्नी साहू को प्राप्त हुई व ग्रामीणों से फोन पर चर्चा करने के पश्चात तुरंत ग्रामीणों से मिलने के लिए दतरेंगाटोला के लिए निकली जहाँ वे घुटने भर से ज्यादा बहाव वाले पुल को पार कर ग्रामीणों के पास पहुंची जहां पहुंचते ही ग्रामीणों ने वहां उत्पन्न समस्याओं से पूर्व विधायक को अवगत कराया साथ ही शासन से पुल निर्माण करवाने की मांग की जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व विधायक जी ने ग्रामीणों को स्पष्ट कहा कि वह शासन स्तर पर इसका मांग जरूर करेंगे इसका प्रयास उन्होंने विधानसभा चुनाव के पूर्व इस पुल को विधानसभा के बजट में जोड़कर कर दिया है व जल्द ही इसकी प्रशासकीय स्वीकृति के लिए प्रयास करेंगी, इस मौके पर पूर्व विधायक छन्नी साहू के साथ जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी, महिला कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य चंद्रिका वर्मा, ब्लाक कांग्रेस मीडिया प्रभारी ललित साहू सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे





**रायपुर.**राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गड़करी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर श्री डेका ने राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

## स्वास्थ्य मंत्री ने मैनपाट के कमलेश्वरपुर अस्पताल का किया निरीक्षण

रायपुर, 10 जुलाई

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज सरगुजा जिले के मैनपाट स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमलेश्वरपुर का निरीक्षण कर वहां की स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज सरगुजा जिले के मैनपाट स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमलेश्वरपुर का निरीक्षण कर वहां की स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अस्पताल प्रबंधन एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल की साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपस्थिति एवं मरीजों को मिलने वाली सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण अंचलों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचें और हर नागरिक को समय पर उपचार मिल सके। इस निरीक्षण के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, डॉक्टर एवं स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी को समर्पण भाव से सेवा देने के लिए प्रोत्साहित किया।



# छत्तीसगढ़ राज्य को डीएमएफ संबंधी उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत सरकार के खान मंत्रालय ने किया सम्मानित

रायपुर 10 जुलाई

भारत सरकार के खान मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को जिला खनिज संस्थान न्यास (DMF) के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। आज नई दिल्ली स्थित स्कोप कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक दिवसीय "नेशनल डीएमएफ वर्कशॉप" के दौरान केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी किशन रेड्डी ने मुख्यमंत्री के सचिव और खनिज सचिव श्री पी. दयानंद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। खान मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना द्वारा नेशनल डीएमएफ पोर्टल में समस्त राज्यों के डीएमएफ से संबंधित डेटाबेस का संधारण किया जा रहा है। डीएमएफ के ऑडिट रिपोर्ट का राज्य डीएमएफ पोर्टल एवं नेशनल डीएमएफ पोर्टल में 90 प्रतिशत डेटाबेस पूर्णतः अपलोड किए जाने पर छत्तीसगढ़ राज्य को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के प्रयासों को मॉडल राज्य के रूप में प्रस्तुत किया गया और अन्य राज्यों को भी डेटा अपलोडिंग, पारदर्शिता और ज़मीनी क्रियान्वयन के अनुकरण की सलाह दी गई। उल्लखेनीय है कि नेशनल डीएमएफ कार्यशाला का आयोजन प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना एवं डीएमएफ की प्रभावशीलता को बढ़ाने और खनन क्षेत्रों में सतत एवं समावेशी विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से सचिव, संचालक एवं खनन प्रभावित जिलों के कलेक्टर्स शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा डीएमएफ के माध्यम से खनन प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, अधोसंरचना एवं आजीविका जैसे विविध क्षेत्रों में समावेशी विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। राज्य में अब तक 16,506 करोड़ रुपये की लागत से 1,01,313 विकास कार्यों की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिनमें से 70,318 कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किए जा चुके हैं। राज्य शासन द्वारा डीएमएफ के क्रियान्वयन में पारदर्शी और जनहितकारी दृष्टिकोण को अपनाते हुए, प्रत्येक जिले में स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यों की योजना और निगरानी सुनिश्चित की जा रही है। यह नीति न केवल भौतिक विकास बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण को भी लक्ष्य में रखती है। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ की ओर से सचिव, खनिज साधन विभाग श्री पी. दयानंद, संचालक श्री रजत बंसल के साथ बालोद, बलौदाबाजार-भाटापारा, कोरबा, रायगढ़ एवं दंतेवाड़ा जिलों के कलेक्टर्स एवं डीएमएफ के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।



## जल संरक्षण की मिसाल बना मोर गांव, मोर पानी महाअभियान

**मोहला 10 जुलाई।** जिले में मोर गांव, मोर पानी महाभियान के तहत जल संरक्षण और भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिले के ग्राम पंचायतों में कुल 269 से अधिक संरचनाएं बनाई जा चुकी है व इस वर्ष जल संरक्षण कार्यों को मंजूरी दी जा रही है इनमें तालाब निर्माण, निजी कृषि तालाब, सोखता गड्ढे, लूज बोल्डर चेक डैम, गैबियन स्ट्रक्चर, अर्दन डैम, चेक डैम, कंटूर ट्रेंच, सोक पिट, डिफंक्ट बोरवेल रिचार्ज, परकोलेशन टैंक जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं, इन संरचनाओं का मुख्य उददेश्य बरसात के मौसम में नालों के माध्यम से बहकर व्यर्थ जाने वाले पानी को रोकना और उसे धरती में समाहित कर भू-जल स्तर को बढ़ाना है । इन कार्यों की योजना बनाने और कार्यान्वयन में आधुनिक जीआईएस भौगोलिक सूचना प्रणाली तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसकी मदद से रिज टू वैली पहाड़ी से घाटी तक सिद्धांत पर आधारित स्ट्रक्चर्स की प्लानिंग की गई है ताकि बारिश का पानी व्यवस्थित तरीके से संरचनाओं में एकत्र हो और अधिकतम जल संचयन हो सके। पूर्व में इन क्षेत्रों में वर्षा चल के बहाव से बड़े पैमाने पर मिटटी कटाव की समस्या उत्पन्न होती थी। अब इन संरचनाओं के निर्माण से न केवल जल संरक्षण होगा बल्कि मिटटी कटाव की समस्या पर भी स्थायी समाधान मिलेगा।

## संपादकीय

# अच्छे व्यवहार की सीख जरूरी है

अक्सर होता यह है कि चुनाव में जिन लोगों को जनता अपना जनप्रतिनिधि चुनती है, पार्टी के कार्यकर्ता उनको जिताने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं,वे जनप्रतिनिधि चाहे विधायक हों, सांसद हों,मंत्री हों या सीएम हों,उनका व्यवहार जीतने के बाद बदल जाता है। वह अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता व अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से अच्छा व्यवहार नहीं करते हैं। वह सोचते हैं कि वह अब खास हो गए हैं। उनमें पद के साथ ही अहंकार आ जाता है। जितना बड़ा पद होता है,उतना ज्यादा अहंकार आ जाता है। आदमी का जब अहंकार बढ़ जाता है, वह दूसरों से अपेक्षा करता है कि सब उसका सम्मान करें लेकिन वह सबका सम्मान नहीं करता है। इससे जनता भी नाराज होती है और पार्टी के कार्यकर्ता भी नाराज होते हैं। इससे जनप्रतिनिधि को तो नुकसान होता है, वह अगले चुनाव में हार जाता है, इससे पार्टी को भी नुकसान होता है। भाजपा जैसी बड़ी पार्टी के बड़े नेताओं को इस बात अनुभव होता है, इसलिए वह नए के साथ पुराने सभी विधायकों, सांसदों को मैनपाट में शिविर लगाकर यह सीख देते हैं कि वह जनता के साथ अच्छा व्यवहार करें। पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ अच्छा व्यवहार करें। पार्टी के कार्यकर्ता तो इस बात की शिकायत पार्टी की बैठक में कर देते हैं लेकिन जनता कहीं शिकायत नहीं करती है वह चुनाव में ऐसे लोगों को सबक सिखाती है। पार्टी कार्यकर्ता भी चुनाव के वक्त ऐसे लोगों को टिकट देने का विरोध करते हैं। अच्छा व्यवहार प्रशिक्षण के बाद अभ्यास से विधायक,सांसद करना सीखते हैं, इसलिए भाजपा की कार्यपद्धति में समय समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है और अभ्यास करने को कहा जाता है। प्रशिक्षण से कार्यशैली और प्रभावी बनती है और विधायक को जनसेवी बनने में मदद मिलती है। पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं के एक साथ कहीं पर रुकने रहने, सहभोज करने से आपसी समझ, सहभागिता बढ़ती है, सामूहिकता, संगठनात्मक समरसता बढ़ती है, पार्टी एक परिवार है ऐसा बोध पार्टी के लोगों में बढ़ता है।भाजपा व दूसरे दलों में यही सबसे बड़ा अंतर है कि भाजपा पार्टी के रूप में एक परिवार है और ज्यादातर दल परिवार की पार्टी है, परिवार की प्रापर्टी हैं।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। परिवार में किसी सदस्य से आपके कहासुनी हो सकती है। आप अपने बिजनेस में चार चांद लगाएंगे, क्योंकि आपके मन में काम को लेकर नए-नए विचार आएंगे। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आपके कुछ नया करने के प्रयास काफी बेहतर रहेंगे। आपके बॉस आपको काम को लेकर आपको शाबाशी दे सकते हैं और आपका प्रमोशन भी होने की संभावना है। नौकरी को लेकर परेशान चल रहे लोगों की कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

वृषभ आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती से भरा रहने वाला है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आप अपने घर के लिए कुछ नई चीजों के खरीदारी कर सकते हैं। आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिल, तो आप उससे बिल्कुल पीछे न हटे। सेहत के मामले में दिन थोड़ा कमजोर रहने वाला है, इसलिए आप काम के साथ-साथ आराम के लिए भी समय निकाले। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

मिथुन आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आप अपने अधूरे पड़े कामों को पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे, लेकिन आपको काम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के लिए भी समय निकालना होगा। बिजनेस के किसी काम को लेकर आप कहीं बाहर जा सकते हैं। आप अपने आस-पड़ोस में किसी वाद-विवाद में पड़ने से बचें। आपको कुछ काम को लेकर चिंता चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में आपसी तालमेल बना रहेगा। आपको अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करनी होगी।

कर्क आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम रखने के लिए रहेगा। संपत्ति संबंधित मामलों में आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। आपको अपने काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में यदि कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगी। आपको किसी से काम को लेकर कोई बातचीत करनी है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। देवगुरु बृहस्पति होंगे उदय, इन राशियों को मिलेगा भाग्य का अच्छा साथ और करियर में तरक्की

सिंह आज का दिन आपके लिए धन के मामले में बढ़िया रहने वाला है, क्योंकि आपका डूबा धन आपको मिल सकता है। किसी छोड़ी गई नौकरी का ऑफर आने की संभावना है, लेकिन फिलहाल पुरानी में ही टिके रहें, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने न दें और आपको एक से अधिक स्त्रोतों से आय प्राप्त होने से आपका मन काफी खुश रहेगा, लेकिन आप अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या की भावना ना रखें। राजनीतिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की अच्छी पैठ रहेगी।

कन्या आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। आप कुछ नया करने की कोशिश में लगे रहेंगे, जो लोग ऑनलाइन कार्य करते हैं, उन्हें कोई बड़ा ऑर्डर मिलने की संभावना है। आप अपने घर के रिनोवेशन का काम भी शुरू कर सकते हैं, लेकिन आप अपने खर्चों को लेकर योजना बनाकर चले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है, जिसे आप पूरा अवश्य करेंगे। आप अपने कर्जों को भी काफी हद तक उतारने की कोशिश में लगे रहेंगे।

तुला आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलनी होगी। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपके कामों से प्रसन्न होंगे। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आप अपने लिए कुछ नए कपड़े, लैपटॉप आदि की खरीदारी कर सकते हैं। आपको किसी से मांगकर वाहन चलाने से आपको बचना होगा, नहीं तो इससे आपका खर्चा बढ़ सकता है।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा, जिस कारण आप किसी प्रॉपर्टी आदि की खरीदारी भी कर सकते हैं। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, वह आपको वापस मिल सकता है और आप मनचाहे खर्च भी करेंगे, जिससे आप जीवनसाथी के लिए भी कोई महंगा गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। आपको अपने पारिवारिक मामलों में वरिष्ठ सदस्यों से राय लेनी होगी, तभी आप आगे बढ़ें तो बेहतर रहेगा।

धनु आज का दिन आपके लिए मेहनत और लगन से काम करने के लिए रहेगा। विद्यार्थी यदि किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे, तो वह उनके लिए अच्छी रहेगी। आपको भौतिक सुख साधनों में वृद्धि होगी। आपको किसी अजनबी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा। आपकी कुछ खास लोगों से आपकी मुलाकात होगी, जो बिजनेस में आपको काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य की सेहत बिगड़ने से आपको टेंशन भी भरपूर रहेगी।

मकर आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में अपने बॉस से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं। जीवनसाथी को भी प्रमोशन मिलने की संभावना है। भाग्य के दृष्टिकोण से दिन बेहतर रहेगा। आप संतान के करियर को लेकर कोई डिसीजन भी ले सकते हैं। राजनीति में कार्यरत लोगों को कोई पुरस्कार मिल सकता है। आपके घर से पूजा-पाठ का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा और परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा।

कुंभ आज का दिन आपके लिए धन को लेकर थोड़ा सावधानी बरतने के लिए रहेगा। किसी कानूनी मामले में आप लापरवाही बिल्कुल न करें। आपका कोई काम समय से पूरा न होने से समस्याएं बढ़ सकती हैं। आपको कहीं इन्वेस्टमेंट थोड़ा सोच समझकर करना होगा। आप किसी एक्सपर्ट की राय लेकर काम करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आप किसी काम में उसके नीति और नियमों पर पूरा ध्यान दें। आपका कोई मित्र आपसे लंबे समय बाद मेल मुलाकात करने आ सकता है।

मीन आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा, क्योंकि आपके विरोधी आपके कामों को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे। नौकरी में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे और छोटे बच्चों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती हैं। आप किसी से कोई बात बहुत ही तोलमोल कर बोले। अच्छे भोजन का आप आनंद लेंगे, लेकिन आपको अपनी पेट संबंधित समस्याओं पर भी थोड़ा ध्यान देना होगा।

## राजनीति

# अखिलेश को बड़ा झटका देने की तैयारी में ब्राह्मण समाज

**अजय कुमार वरिष्ठ पत्रकार**



आजमगढ़, उत्तर प्रदेश का एक ऐसा जिला जो समाजवादी पार्टी (सपा) का गढ़ माना जाता है, 3 जुलाई 2025 को एक बार फिर सुर्खियों में था। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने नए आवास और पार्टी कार्यालय, जिसे उन्होंने पीडीए भवन नाम दिया, का उद्घाटन और गृह प्रवेश किया। यह भवन अनवरगंज में 72 बिस्वा जमीन पर बना है, जिसमें अखिलेश का निजी निवास, पार्टी कार्यालय, और समर्थकों के लिए एक बड़ा हॉल शामिल है। लेकिन इस भव्य आयोजन के बीच एक सवाल ने सबका ध्यान खींचा अखिलेश ने गृह प्रवेश की पूजा के लिए काशी के ब्राह्मण विद्वानों को आमंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समुदाय के किसी विद्वान को क्यों नहीं बुलाया? यह सवाल न केवल सियासी गलियारों में, बल्कि सोशल मीडिया और स्थानीय जनता के बीच भी चर्चा का विषय बन गया। बात ब्राह्मण समाज की नाराजगी की कि जाये तो ब्राह्मण सभा ने सपा कार्यालय और आवास के गृह प्रवेश के लिये गये ब्राह्मणों को अपने समाज से निकाल दिया है। ब्राह्मणों की यह नाराजगी सपा को 2027 के चुनाव में भारी पड़ सकती है, यूपी में करीब 10 प्रतिशत ब्राह्मण हैं।

आजमगढ़ में समाजवादी पार्टी का यह नया कार्यालय 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। अखिलेश ने इसे पीडीए भवन नाम देकर अपनी रणनीति को स्पष्ट कर दिया। पीडीए, यानी पिछड़ा, दलित, और अल्पसंख्यक सपा की राजनीतिक रणनीति का आधार रहा है, जिसने 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी को 37 सीटें दिलाकर उत्तर प्रदेश में बीजेपी के विजय रथ को रोकने में मदद की। अखिलेश ने उद्घाटन समारोह में कहा, "पीडीए की एकता ही हमें 2027 में सत्ता दिलाएगी।" इस भवन को न केवल एक कार्यालय, बल्कि एक प्रशिक्षण केंद्र के रूप में भी देखा जा रहा है, जहां युवाओं को समाजवादी विचारधारा से जोड़ा जाएगा। लेकिन इस आयोजन की चमक उस समय फीकी पड़ गई, जब यह खबर आई कि अखिलेश ने गृह प्रवेश की पूजा के लिए काशी के ब्राह्मण विद्वानों को बुलाने की इच्छा जताई थी, लेकिन वे नहीं आए। सूत्रों के अनुसार, काशी के पंडितों ने इटावा में हाल ही में हुए एक विवाद, जिसे 'इटावा कथावाचक कांड' कहा जा रहा है, के कारण नाराजगी जताते हुए पूजा कराने से मना कर दिया। इस कांड में अखिलेश के कुछ बयानों को ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ माना गया था, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर दान-दक्षिणा और पूजा-पाठ की परंपराओं पर



सवाल उठाए थे।

अखिलेश ने अंततः स्थानीय पंडितों से पूजा करवाई, और कुछ स्त्रोतों के अनुसार, पुजारी चंदन कुशवाहा ने इस कार्य को संपन्न किया। लेकिन सवाल यह उठता है कि पीडीए भवन के उद्घाटन जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर, जब अखिलेश अपनी पीडीए रणनीति को और मजबूत करने की बात कर रहे थे, तब उन्होंने पीडीए समुदाय के किसी विद्वान को पूजा के लिए क्यों नहीं चुना? यह सवाल न केवल उनके विरोधियों, बल्कि उनके समर्थकों के बीच भी चर्चा का विषय बन गया। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने इसे अखिलेश की रणनीति में विरोधाभास बताया। एक यूजर ने लिखा, "भवन का नाम तो रख दिया, लेकिन पूजा ब्राह्मणों से ही करवानी है। क्या पीडीए में कोई विद्वान नहीं था?" एक अन्य यूजर ने तंज कसते हुए कहा, "अखिलेश जी को कोई पीडीए का पंडित नहीं मिला क्या? कथनी और करनी में अंतर साफ दिखता है।" इन टिप्पणियों ने सपा के पीडीए फार्मूले पर सवाल उठाए, जिसे अखिलेश ने हाल के वर्षों में अपनी पार्टी की छवि को यादव-मुस्लिम से हटाकर व्यापक बनाने के लिए अपनाया था। आजमगढ़ में पूजा के लिए ब्राह्मण विद्वानों को बुलाने की कोशिश को भी इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। अखिलेश शायद यह संदेश देना चाहते थे कि उनकी पार्टी सभी समुदायों को साथ लेकर चल रही है। लेकिन काशी के पंडितों की अनुपस्थिति और स्थानीय पंडितों द्वारा पूजा करवाने ने इस संदेश को कमजोर कर दिया। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि अखिलेश का यह कदम उनकी पीडीए रणनीति को मजबूत करने का प्रयास था, लेकिन यह उल्टा पड़ गया। इस आयोजन को और चर्चा में लाने वाला एक अन्य पहलू था ब्राह्मण महासभा और विश्व हिंदू महासंघ के सदस्यों का विरोध। कुछ प्रदर्शनकारियों ने अखिलेश के खिलाफ काले झंडे लहराए और उन पर ब्राह्मण समुदाय की छवि खराब करने का आरोप लगाया। इसके अलावा, एक सुरक्षा चूक ने भी सुर्खियां बटोरीं, जब एक युवक बैरिकेडिंग तोड़कर मंच के करीब पहुंच गया। पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में लिया, लेकिन इस घटना ने अखिलेश की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। इन विवादों के बावजूद, पीडीए भवन का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भवन न केवल अखिलेश का दूसरा घर है, बल्कि पूर्वांचल में सपा की सियासी रणनीति का केंद्र भी बनेगा। अखिलेश ने अपने भाषण में बीजेपी पर जमकर हमला बोला और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का श्रेय अपनी सरकार को दिया। उन्होंने कहा, लखनऊ से आजमगढ़ पहुंचने में उतना ही समय लगता है, जितना सैफई। यह हमारे द्वारा बनाए गए एक्सप्रेसवे की बदौलत है। बहरहाल, आजमगढ़ में पीडीए भवन का उद्घाटन और गृह प्रवेश एक सियासी मास्टरस्ट्रोक हो सकता था, लेकिन ब्राह्मण विद्वानों की अनुपस्थिति और पीडीए समुदाय के विद्वानों को न बुलाने का फैसला सवालों के घेरे में आ गया। जहां वे एक तरफ अपने मूल समर्थक वर्ग को मजबूत करना चाहते हैं, तो दूसरी तरफ सवर्ण वोटरों को भी साधने की कोशिश कर रहे हैं। 2027 के चुनावों में यह रणनीति कितनी कारगर होगी, यह तो समय ही बताएगा।

## चर्चित मुद्दा

# बिहार में वोटर लिस्ट जांच पर सबके अपने दावे और विचार

**संजय सक्सेना,लखनऊ**



बिहार में कुछ माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिये उठाये गये कदम ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। विपक्षी दल इस प्रक्रिया को लोकतंत्र पर हमला और गरीब, दलित, पिछड़े, और अल्पसंख्यक समुदायों के मताधिकार को छीनने की साजिश करार दे रहे हैं। दूसरी ओर, चुनाव आयोग इसे नियमित और संवैधानिक प्रक्रिया बताकर अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। यह विवाद अब दिल्ली के निर्वाचन सदन से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है, और बिहार की सियासत में एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। दस जुलाई को सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई कर सकता है। विपक्षी दलों, विशेष रूप से इंडिया गठबंधन के घटक दलों जैसे कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), समाजवादी पार्टी, और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने इस पुनरीक्षण प्रक्रिया को वोटबंदी करार दिया है। 2 जुलाई 2025 को 11 विपक्षी दलों का 18 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में निर्वाचन सदन पहुंचा और चुनाव आयोग से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी, राजद के मनोज झा, और सीपीआई (एमएल) के दीपांकर भट्टाचार्य जैसे प्रमुख नेता शामिल थे। इसी क्रम में ओवैसी ने भी अलग से चुनाव आयोग पहुंच कर अपना पक्ष रखा। विपक्ष का कहना है कि यह प्रक्रिया जल्दबाजी में शुरू की गई है और यह गरीब, ग्रामीण, और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को मतदाता सूची से हटाने की साजिश है। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि बिहार में लगभग 7.75 करोड़ मतदाता हैं। इतनी बड़ी संख्या की जांच कुछ महीनों में करना असंभव है। यह प्रक्रिया उन लोगों को निशाना बनाएगी जिनके पास जन्म प्रमाणपत्र या माता-पिता की नागरिकता जैसे दस्तावेज नहीं हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव ने इसे और तीखे शब्दों में लोकतंत्र पर हमला बताया। उन्होंने सवाल उठाया, 2003 में पूरे देश में पुनरीक्षण हुआ था, लेकिन अब सिर्फ बिहार में क्यों? यह प्रक्रिया मानसून के दौरान, जब बाढ़ आम है, शुरू की गई है। क्या यह गरीब और वंचित वोटरों को बाहर करने की साजिश नहीं है?

विपक्षी नेताओं का तर्क है कि सत्यापन के लिए मांगे गए 11 दस्तावेज, जैसे पासपोर्ट, जन्म प्रमाणपत्र, और माता-पिता की नागरिकता प्रमाण, अधिकांश गरीब और ग्रामीण लोगों के पास उपलब्ध नहीं हैं। तेजस्वी ने दावा किया कि बिहार के 8 करोड़ से अधिक मतदाताओं में से 60 फीसदी को अपनी नागरिकता साबित करनी होगी, जो विशेष रूप से दलित, पिछड़े, और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए चुनौतीपूर्ण है। एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इसे अव्यवस्थित और अवैज्ञानिक बताते हुए कहा कि यह प्रक्रिया पहले ही हो चुकी है और इसे दोहराने का कोई औचित्य नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर पोस्ट करते हुए इसे बीजेपी-आरएसएस की साजिश बताया, जिसका मकसद दलितों और वंचितों के वोटिंग अधिकार छीनना है। योगेंद्र यादव ने अनुमान लगाया कि इस प्रक्रिया से 4.76 करोड़ मतदाताओं का नाम हट सकता है, जिसे उन्होंने वोट उड़ाने का खेल करार दिया। उधर बीजेपी और एनडीए ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया निष्पक्षता और पारदर्शिता के लिए जरूरी है। बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने तंज कसते हुए कहा, जिनके राज में बूथ कैप्चरिंग और हिंसा आम थी, उन्हें अब निष्पक्षता से परेशानी हो रही है। हालांकि, एनडीए के कुछ सहयोगी, जैसे जेडीयू और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), ने दबी जुबान में इस प्रक्रिया की समय सीमा पर चिंता जताई है। बहरहाल, कुल मिलाकर लगता है कि बिहार में मतदाता सूची का पुनरीक्षण एक नियमित प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन इसकी समय सीमा और दस्तावेजों की मांग ने इसे विवादास्पद बना दिया है। विपक्ष इसे गरीब और वंचित समुदायों के खिलाफ एक साजिश के रूप में देख रहा है, जबकि चुनाव आयोग इसे लोकतंत्र को मजबूत करने का कदम बता रहा है। यह विवाद बिहार की सियासत को और गर्माएगा, और इसका असर 2025 के विधानसभा चुनावों पर पड़ना तय है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला इस मामले में निर्णायक हो सकता है, लेकिन तब तक यह मुद्दा बिहार की जनता और नेताओं के बीच बहस का केंद्र बना रहेगा। विपक्ष की आपत्तियों ने अब कानूनी रूप ले लिया है। सपा सांसद कपिल सिब्बल, तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा, राजद के मनोज झा, और कई गैर-सरकारी संगठनों ने इस प्रक्रिया को रद्द करने की मांग के साथ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग की, यह तर्क देते हुए कि इतने कम समय में यह प्रक्रिया संभव नहीं है और यह संविधान का उल्लंघन करती है। इस मामले की सुनवाई 10 जुलाई 2025 को होनी है चुनाव आयोग ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक और नियमित है, जो पिछले 75 वर्षों से समय-समय पर की जाती रही है। आयोग का कहना है कि इसका उद्देश्य अवैध प्रवासियों, जैसे नेपाल, बांग्लादेश, और म्यांमार से आए लोगों, को मतदाता सूची से हटाना और केवल भारतीय नागरिकों को वोटिंग का अधिकार सुनिश्चित करना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 4 जुलाई को स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया तय समय पर और पूरी पारदर्शिता के साथ पूरी की जाएगी। इसमें चुनाव कर्मियों और राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि 2003 की मतदाता सूची को आधार मानकर 4.96 करोड़ मतदाताओं को दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। साथ ही, एक गलतफहमी को दूर करते हुए आयोग ने कहा कि एक अखबार के विज्ञापन में केवल फॉर्म भरने की बात भ्रामक थी। मसौदा सूची में उन मतदाताओं के नाम शामिल होंगे जिनके गणना फॉर्म प्राप्त हो चुके हैं। आयोग ने यह भी बताया कि यह प्रक्रिया बिहार के अलावा असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु, और पश्चिम बंगाल में भी लागू होगी। इसका मकसद मतदाता सूची को अपडेट करना, मृतकों के नाम हटाना, और 18 वर्ष से अधिक उम्र के नए मतदाताओं को जोड़ना है।

# पत्रकारिता की नाक कटाने पर तुला 'गोदी मीडिया'

**निर्मल रानी**



यदि आप गोदी मीडिया से जुड़े भोंपू टी वी चैनल्स पर टी आर पी केंद्रित चोंच लड़ाने व उत्तेजना पैदा करने वाली डिबेट देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा गुज़रता हो जिसदिन गोदी मीडिया के इन टी वी एंकर्स को किसी न किसी डिबेट के सहभागी या दर्शकगण के बीच बैठे किसे जागरूक व्यक्ति के हाथों घोर अपमान न सहना पड़ता हो। जनता के बीच तो यह लोग अब जाने से ही डरते हैं क्योंकि वहां भी कई बार इन्हें अपमानित होकर वापस आना पड़ा है। स्वयं के सेलेब्रेटी होने का भ्रम पाले ऐसे कई पत्रकारों को कई बार जनता धक्के देकर भगा चुकी है। आख़िर क्या कारण है कि पत्रकारिता जैसा पवित्र व ज़िम्मेदार पेशा अब इतना बदनाम हो गया है कि गोदी मीडिया से जुड़े वर्तमान भोंपू व पक्षपातपूर्ण एवं झूठी रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों का बर्ताव व उनका मनोभाव देखकर लोग अपने बच्चों को पत्रकारिता सिखाने से परहेज़ करने लगे हैं ? आम लोग बड़े ही भरोसे के साथ टी वी देखते व पत्र पत्रिकाएं पढ़ते हैं। पत्रकारों का एक राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय नेटवर्क जगह जगह के ताज़ा हालात के बारे में अपने अपने मीडिया संस्थान को पूरी ज़िम्मेदारी के साथ अवगत कराता है। इसी सामग्री को प्रकाशित या प्रसारित कर देश दुनिया को किसी घटना की जानकारी दी जाती है। इसके अतिरिक्त मीडिया सरकार व समाज के दर्पण का भी काम करता है। सत्ता से उसकी नाकामियों पर सवाल पूछता है। परन्तु गत दस वर्षों से तो यही मीडिया न केवल सरकार का वफ़ादार भोंपू बन चुका है बल्कि उल्टे सत्ता से सवाल करने वालों को ही कटघरे में खड़ा कर रहा हे। यह सत्ता के बजाये विपक्ष से सवाल करने को ही पत्रकारिता समझता है। गोदी मीडिया सरे आम सांप्रदायिक एजेंडा परोसता है और देश में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने में अपनी मुख्य भूमिका अदा कर रहा है। पत्रकारिता को शर्मसार करने वाले ऐसे ही दलाल क़िस्म के पत्रकारों पर न जाने कितने मुक़द्द्मे चल चुके हैं और कई पर तो अभी भी चल रहे हैं। देश की अदालतें ऐसे टी वी चैनल्स व पत्रकारों को कई बार डाँट फटकार लगा चुकी हैं। अभी पिछले ही दिनों रिपब्लिक टीवी के एडिटर-इन-चीफ़ अर्नब गोस्वामी के ख़िलाफ़ दिल्ली हाईकोर्ट में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने मानहानि का मामला दायर कर दिया। अर्नब गोस्वामी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की रिपोर्टिंग के समय कांग्रेस पार्टी को "राष्ट्र के दुश्मनों के साथ खड़ी" होने वाली पार्टी बताकर कांग्रेस की छवि धूमिल करने की कोशिश की थी। रिपब्लिक टीवी वही न्यूज़ चैनल है जिसकी स्थापना मई 2017 में अर्नब गोस्वामी व भाजपा सांसद राजीव चंद्रशेखर ने संयुक्त रूप से की थी। राजीव चंद्रशेखर उद्यमी होने के साथ साथ वर्तमान में भाजपा केरल के प्रदेश अध्यक्ष होने के अलावा पूर्व इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी , कौशल विकास,उद्यमिता व जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री भी हैं। उधर अर्नब गोस्वामी की तारीफ़ यह है कि इन्हें 4 नवंबर 2020 को 53 साल के एक इंटीरियर डिज़ाइनर को आत्महत्या के लिये मजबूर करने के मामले में मुंबई पुलिस ने गिरफ़्तार किया था। इसके अलावा भी गोस्वामी के विरुद्ध कई आपराधिक और सिविल मामले दर्ज किए गए थे। इनमें मानहानि, उकसाने, ग़लत सूचना फैलाने और अन्य संबंधित आरोप शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मुंह पर कालिख पोतने वाला ऐसा दाग़दार व्यक्ति अब यह प्रमाण पत्र बाँट रहा है कि कौन सा व्यक्ति व दल राष्ट्र भक्त है और कौन राष्ट्र के दुश्मनों के साथ खड़ा है ? कुछ दिन पहले ऐसे ही किसी 'एजेंडा पत्रकार' ने पूरी पत्रकार बिरादरी को उस समय ज़लील किया जब उसने भारत की अंतरराष्ट्रीय खुफिया एजेंसी रॉ के पूर्व निदेशक अमरजीत सिंह दुलत का साक्षात्कार किया और उस दौरान उसने दुलत से एक अप्रासंगिक प्रश्न पूछ लिया। उसने पुछा कि कुछ दिन पहले आप पाकिस्तान गए थे ? इस सवाल पर पहले तो दुलत ने पूछा की यह किसने बताया आपसे ? जवाब न मिलने के बाद वे खड़े हो गये और --- निकालो इसको साले को, हटाङ्घबहन चो... को। कौन? कौन साला हरामज़ादा बोल रहा था? कौन कुत्ता बोल रहा था? कौन था वो? मालूम है मैं कौन हूँ? कौन कह रहा था? मादर... तुम समझते क्या हो अपने आप को, मादर चो ... पागल समझ रहे हो? तेरी माँ चो ... दूंगा मैं, बहन चो ....। और आख़िरकार इस पत्रकार पर इतने सरे अलंकरण की बारिश करने के बाद दुलत ने उस दलाल पत्रकार व उसके कैमरामैन को धक्के देकर अपने घर से बाहर खदेड़ दिया। तो क्या इस तरह पत्रकारिता की 'शान ' बढ़ा रहा है हमारे देश का बिकाऊ भाण्ड मीडिया ? जबकि वे स्थानीय लोकप्रिय समाजसेवी थे तथा राष्ट्रभक्त व्यक्ति थे। मरणोपरांत उनकी छवि बिगाड़ने, फ़र्ज़ी व अपमानजनक सामग्री प्रसारित करने के लिए ही अदालत ने इन चैनल्स पर 5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। निश्चित रूप से यह पक्षपातपूर्ण पत्रकारिता के मुँह पर ज़ोरदार तमाचा है। यह कैसा ग़ैर ज़िम्मेदार मीडिया है कि दुश्मन की गोली से शहीद होने वाले अपने ही देशवासियों को आतंकवादी बता रहा है? याद कीजिये 14 जून 2020 का वह दिन जब अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने आत्महत्या कर ली थी। परन्तु आत्महत्या करने के बाद उसके परिवार वालों ने सुशांत की मित्र अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को इस तरह कटघरे में खड़ा कर दिया था गोया रिया चक्रवर्ती पर दोष मढ़ने के लिये मीडिया के पास सारे सुबूत मौजूद हों। उस दौरान इसी मीडिया ट्रायल की वजह से रिया को 27 दिनों तक जेल में भी रहना पड़ा था। रिया चक्रवर्ती पर न केवल न केवल सुशांत को आत्महत्या के लिए उकसाने भर का आरोप था बल्कि उस पर 15 करोड़ की हेराफेरी का भी आरोप लगाया गया था।

# बालों की सही तरीके से करें देखभाल

बालों की यदि सही तरीके से देखभाल न की जाए, तो उनसे जुड़ी कई सारी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। इनमें जूं-लीख की समस्या शामिल है। यह समस्या मानसून के सीजन में नमी बढ़ने की वजह से होती है। इस मौसम में स्कैल्प चिपचिपी हो जाती है और इस वजह से जूं-लीख हो जाती हैं। इस कारण बालों खुजली होती और जूं एक से दूसरे सिर में भी चले जाते हैं। ऐसे में अगर आपके बालों में भी जूं-लीख हो गए हैं और आप इस समस्या से दूर रहना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको आप अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल कर सकते हैं। साथ ही इन टिप्स की मदद से मानसून में बालों को जूं-लीख को पैदा होने से रोक सकती है। इन टिप्स को फॉलो करने से बाल हेल्दी रहेंगे। मानसून सीजन में जू-लीख की समस्या ज्यादा होती है। इस समस्या से बचने के लिए स्कैल्प का साफ और बालों को सूखा रखना बेहद जरूरी है। इस मौसम में स्कैल्प और बालों को अच्छी तरह से धोएं। फिर उनको पूरी तरह से सुखा लें। जूं-लीख की समस्या खत्म करने के साथ ही स्कैल्प और बालों का हेल्दी होना जरूरी है। इसके लिए आप नीम के पत्तों से बना पेस्ट इस्तेमाल कर सकती हैं। जूं-लीख की समस्या को कम करने में नारियल तेल भी मददगार होता है। इसको बालों की जड़ों में लगाएं और अच्छे से मसाज करें। फिर एक घंटे बाद शैंपू की मदद से बालों को धो लें। जूं और लीख की समस्या से बचने के लिए आप एप्पल साइडर विनेगर का इस्तेमाल कर सकते हैं। आप एप्पल साइड विनेगर को पानी में मिला लें और फिर इसको बालों पर अप्लाई करें। फिर बालों को अच्छे से धो लें।

## सू-दोकू 105

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.104 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# तेंदूपत्ता बोनस घोटाला:7 करोड़ गबन करने वाला एक और प्रबंधक गिरफ्तार



**सुकमा, 10 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में तेंदूपत्ता बोनस घोटाले में आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) ने फुलबगड़ी प्राथमिक लघुवनोपज सहकारी समिति के प्रबंधक राजशेखर पुराणिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को साल 2021-22 के तेंदूपत्ता प्रोत्साहन पारिश्रमिक घोटाले में संलिप्त पाया गया।

आरोप है कि संग्राहकों को दी जाने वाली करीब सात करोड़ रुपए की राशि का इन्होंने गबन किया था। ईओडब्ल्यू इस घोटाले में शामिल 12 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। इसमें तत्कालीन डीएफओ अशोक कुमार पटेल, उप वनक्षेत्रपाल चैतूराम बघेल, देवनाथ भारद्वाज, पोड़ियामी इड़िमा उर्फ हिडमा और वनरक्षक मनीष कुमार बारसे, सात लघुवनोपज सहकारी समिति के प्रबंधक व सहयोगी मनोज कवासी, सुनील नुप्पो,रवि कुमार गुप्ता, आयतू कोरसा, समेत राजशेखर पुराणिक व अन्य शामिल है।

जांच में सामने आया है कि घोटाले में मुख्य भूमिका तत्कालीन डीएफओ अशोक कुमार पटेल की रही है। उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अन्य अधिकारियों और सहकारी समिति प्रबंधकों के साथ मिलकर संग्राहकों को दी जाने वाली तेंदूपत्ता बोनस राशि का बंदरबांट किया।

यह है मामला-वर्ष 2021-22 के दौरान तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले श्रमिकों को सरकार द्वारा प्रोत्साहन पारिश्रमिक (बोनस) के रूप में करोड़ों रुपये वितरित किए जाने थे, लेकिन ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया कि इस राशि में से लगभग सात करोड़ रुपये की हेराफेरी की गई। आरोपी ने संग्राहकों के नाम पर फर्जी भुगतान दिखाकर, धोखाधड़ी से रकम निकाल ली और इसे निजी लाभ के लिए उपयोग किया।

## ईओडब्ल्यू के घेरे में अभी और कई आरोपी

ईओडब्ल्यू के अधिकारियों ने बताया कि इस मामले की विवेचना जारी है। आने वाले दिनों में अन्य संदिग्धों पर भी शिकंजा कस सकता है। जांच एजेंसी इस घोटाले की तह तक पहुंचने की कोशिश कर रही है, ताकि तेंदूपत्ता संग्राहकों के हक की राशि की हेराफेरी करने वालों को सख्त सजा दिलाई जा सके। तेंदूपत्ता बोनस छत्तीसगढ़ के लाखों आदिवासी मजदूरों की आजीविका से जुड़ा हुआ है। इस तरह का घोटाला न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि वन समुदाय के अधिकारों का शोषण भी है। सरकार ने संकेत दिए हैं कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## एक नजर

### कलेक्टर ने बैठक में महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

**कांकेर, 10 जुलाई ।** महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें उन्होंने विभाग में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की सिलसिलेवार समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि पोषण ट्रैकर एप में बच्चों के आधार लिंकेज तथा फेस मैचिंग से संबंधित कतिपय व्यावहारिक एवं तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं, जिनका समाधान करना शासन स्तर पर पत्राचार किया जाएगा। साथ ही जिला स्तर पर आवश्यक सुधार लाने के लिए पूरी कोशिश की जाएगी। उन्होंने विकासखण्डवार योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी सेक्टर सुपरवाइजरों को जरूरी निर्देश दिए।कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज दोपहर 12.30 बजे आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले के कोयलीबेड़ा और पखांजूर परियोजना कार्यालय अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में ई-केवायसी तथा फेस व आधार मैचिंग का प्रतिशत काफी कम है, जिसकी वजह से विभिन्न सुपोषण योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। इन क्षेत्रों के कुछ केन्द्रों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या होने के कारण पंजीयन करने में परेशानी हो रही है। इसके लिए उन्होंने तकनीकी परामर्श लेने की बात कही। साथ ही इस महत्वपूर्ण कार्य में रूचि नहीं लेने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### कोयलीबेड़ा की 52 पंचायतों के 242 वार्डों में पंच पद को अपवर्जित करने आदेश जारी

**कांकेर, 10 जुलाई।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 (ड) के तहत अनुसूचित क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में वार्ड पंच पद हेतु आरक्षित पदों की अपवर्जन के लिए आदेश जारी किया है। जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा (पखांजूर) की 52 ग्राम पंचायत में आरक्षित वर्ग के मतदाता मौजूद नहीं होने के कारण पंच पद के आरक्षण का अपवर्जन किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजूर द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन के आधार पर जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत आलोर के 03 वार्डों में, प्रेमनगर के 07, द्वारिकापुरी के 06, यशवंतनगर के 05, बापूनगर के 05, कोयगांव के 03, विवेकानन्दनगर के 03, देवपुर के 08 कल्याणपुर के 05, रविन्द्रनगर के 04, हांकेर के 03, मायापुर के 09 और बैकुण्ठपुर के कुल 06 वार्डों का अपवर्जन किया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत रामकृष्णपुर के 07 वार्डों, हरिहरपुर के 04, चांदीपुर के 02, चाणक्यपुरी के 07, पित्तभोड़िया के 03, छोटेकापसी के 04, कृष्णनगर के 09, सत्यनगर के 05, ऐसेबेड़ा के 03, बलरामपुर के 04, भिंगीडार के 06, चंदनपुर के 05, श्यामनगर के 03, माटोली के 03, लखनपुर के 04, दुर्गापुर के 06, पेनकोड़ो के 05, इन्द्रप्रस्थ के 07, पुरूषोत्तमनगर के 08 वार्डों का अपवर्जन किया गया है। उदयपुर के 03, जयश्रीनगर के 06, वनश्रीनगर के 05, श्रीपुर के 05, मरोड़ा के 03, लक्ष्मीपुर के 02, जनकपुर के 04, विजयपुर के 05, पाड़ेंगा के 05, बान्दे कॉलोनी के 02, नागलदण्ड के 05, हनुमानपुर के 03, विष्णुपुर के 06, कुरेनार के 01, विकासपल्ली के 06, राधानगर के 07, गोविन्दपुर के 05, जानकीनगर के 04, स्वरूपनगर के 02 और ग्राम पंचायत ओरछागांव के 01 वार्डों में अनुसूचित जनजाति वर्ग का कोई भी सदस्य निवास नहीं करता है। उक्त ग्राम पंचायतों में वार्ड पंच पद को अनुसूचित जनजाति के आरक्षण यथा स्थिति स्थानों या पद के आबंटन से अपवर्जित किया गया है।नगर के 02 तथा स्वरूपनगर के 01 वार्ड में पंच पद हेतु आरक्षित वर्ग के मतदाता मौजूद हैं। इस आधार पर इन पंचायतों में वार्ड पंच के आरक्षण का अपवर्जन नहीं किया जाएगा।

### जिले में अब तक 4020 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**कांकेर 10 जुलाई ।** जिले में 01 जून से अब तक कुल 4020.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा बांदे तहसील में 553.8 मिलीमीटर तथा सबसे कम कोयलीबेड़ा तहसील में 155.9 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार कांकेर तहसील में 202.2 मिलीमीटर, भानुप्रतापपुर तहसील में 417.1 मिलीमीटर, दुर्गूकोंदल में 489.4 मिलीमीटर, चारामा में 364.5 मिमी., अंतागढ़ में 437.5, पखांजूर में 354.4, नरहरपुर में 308.3, सरोना में 272.4 मिलीमीटर और आमाबेड़ा में 465 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने किया थाना राजादेवरी का वार्षिक निरीक्षण

**बलौदाबाजार, 10 जुलाई ।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा थाना गिधौरी का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा थाना प्रभारी सहित थाना में उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने के सभी अधिकारी/कर्मचारियों की परेड लेकर सलामी ली गई एवं सभी कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया गया। श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा थाने में दर्ज विभिन्न गंभीर अपराध एवं थाना में पेंडिंग अपराधों, शिकायत, मर्ग एवं लंबित अपराधों एवं सुशासन त्यौहार में प्राप्त शिकायत का भी निर्धारित समयावधि में सार्थक निराकरण करने हेतु थाना प्रभारी राजादेवरी को निर्देशित किया गया।

# मच्छर मारने पालिका करवा रही सार्वजनिक स्थलों में फॉगिंग



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 10 जुलाई।** बारिश के मौसम में जल जनित कई संक्रामक बीमारियों का खतरा हमेशा बना रहता है। मच्छरों के पनपने से तमाम प्रकार के फ्लू से भी लोग ग्रसित हो रहे है लिहाजा इसी के मददेनजर मच्छरों के आतंक से आमजनों को मुक्ति दिलाने इन दिनों नगर पालिका नगर के अलग अलग वार्डो में सार्वजनिक स्थलों पर फॉगिंग करवा रही है ताकि मच्छरों से लोगों को थोड़ी राहत मिल सके। बुधवार को नगर के बस स्टेंड एवं बैंक चौक में सार्वजनिक स्थलों पर फॉगिंग की गई। बता दें कि नगर पालिका की यह महती जिम्मेदारी बनती है कि नगर को साफ सुथरा एवं नालियों की हमेशा अनवरत सफाई होती रहे। मगर दुर्भाग्य से नगर की कई नालियां ऐसी है जिनकी निकासी है ही नहीं जिस कारण से नाली में भरा पानी एक ही जगह पर पड़े पड़े सडता रहता है इन नालियों में मच्छर पनपते हैं जो इंसानों को काट लेने से कई प्रकार के जानलेवा बुखार हो सकते है। इन नालियों में एंटी लार्वा दवा का छिडकाव करना जरूरी होता है मगर पालिका ने ऐसी कोई व्यवस्था अभी नहीं की है। फॉगिंग तो कुछ स्थलों पर हुई है मगर नालियों में सड़ांध भरे दुर्गंध एवं नालियों में महिनों से एक जगह पर जमे ठहरे हुए गंदे पानी को निकालने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा। सीएमओ पालदास ने आश्वस्त करते कहा है कि फॉगिंग के साथ ही नालियों में दवा का छिडकाव भी करवाया जाएगा। बस थोड़ा मौसम खुल जाए तो मौका देखकर नालियों की सफाई एवं दवा का छिड़काव भी किया जाएगा।

### 12 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद को अपवर्जित करने आदेश जारी

**कांकेर, 10 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 (ड) के तहत अनुसूचित क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में सरपंच पद हेतु आरक्षित पदों की अपवर्जन के लिए कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आदेश जारी किया है। जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा (पखांजूर) की 12 ग्राम पंचायत प्रेमनगर, द्वारिकापुरी, यशवंतनगर, बापूनगर, मायापुर, चाण्क्यपुरी, कृष्णनगर, चंदनपुर, वनश्रीनगर, विजयनगर, विष्णुपुर और राधानगर में आरक्षित वर्ग के मतदाता मौजूद नहीं होने के कारण सरपंच पद के आरक्षण का अपवर्जन किया गया है।

## सीआरपीएफ ने ग्रामीण इलाकों में योजनाओं की जानकारी,मन की बात सुनने के लिए रेडियो बांटा



**कोंटा, 10 जुलाई।** कोंटा के एलारमडगु, मोसलमडगु, बोदराजपदर और वंकापारा गांवों में CRPF की 50वीं बटालियन द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्रामीणों को रेडियो सेट वितरित किए गए। रेडियो वितरण का उद्देश्य ग्रामीणों तक सरकारी योजनाओं, मन की बात और विकास संबंधी जानकारी पहुंचाना है ताकि वे देश के साथ कदम से कदम मिला सकें।साथ ही, ग्रामीणों को बीमारियों की रोकथाम व स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों पर जागरूक किया गया। ग्रामीणों (स्त्री, पुरुष और बच्चे) ने कार्यक्रम में भाग लेकर अपने विश्वास को जाहिर किया।

## कमिश्नर ने भैरमगढ़- नरहरपुर, माकड़ी एवं बकावण्ड ब्लॉक के अधिकारियों की बैठक ली

**जगदलपुर, 10 जुलाई ।** कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह ने कहा कि वनाधिकार पट्टेधारियों के फौती नामांतरण सुनिश्चित करने हेतु संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करें। इस दिशा में राजस्व एवं वन विभाग द्वारा समन्वित तौर पर मैदानी अमले के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया जाए। साथ ही कोटवारों के जरिए मुनादी करवाकर ग्रामीणों को अवगत कराया जाए। वहीं पटवारी हल्का और रेंज ऑफिस में सम्बंधित वनाधिकार पट्टेधारकों से आवेदन पत्र प्राप्त कर फौती नामांतरण की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। वर्षाकाल के दौरान नदी-नाले उफान पर रहने की स्थिति का सतत निगरानी रखने सहित बाढ़ आपदा से बचाव सम्बन्धी त्वरित पहल करें। आम जनता को बाढ़ की स्थिति में नदी-नाले नहीं पार करने हेतु समझाइश दी जाए और इस बारे में मैदानी अमले एवं कोटवारों के माध्यम से जनजागरूकता निर्मित किया जाए। साथ ही प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को आरबीसी 6-4 के तहत तत्काल सहायता प्रदान करें। कमिश्नर बस्तर सहित माकड़ी एवं बकावण्ड विकासखण्ड से सम्बंधित एसडीएम, तहसीलदार और अन्य खण्ड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए।

# जमीन पर सो रही मां और बेटी को सांप ने डसा, इलाज के दौरान मौत

**बलौदाबाजार, 10 जुलाई।** जिले में बरसात लगते ही जहरीले जीव जन्तु की संख्या बढ़ने लगीं है जिससे ग्राम ठाकुरदिया से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहरीले सांप ने जमीन पर सो रही मां और बेटी को डस लिया जिससे दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार बलौदा बाजार जिले के कसडोल थाना अन्तर्गत ग्राम ठाकुरदिया बहुत ही गरीब पारधी परिवार निवास करता था जिसके पास बारिश से बचाने के लिए छत तो है लेकिन आराम करने के चारपाई तक नही हो रहा है जब रात्रि विश्राम करने के लिए पुरा परिवार प्रतिदिन की भाती आराम से जमीन में सोया हुआ था लेकिन उसे अंदाजा नही था आज की रात जीवन का अन्तिम रात होगा जहरीली सर्प काल बनके आयेगा और डस देगा।जब मृतका सतवती पारधी और उसकी पुत्री देविका पारधी सर्प दंश होने की जानकारी हुई और हालात बिगड़ते देख परिजनों ने तत्काल कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया लेकिन इलाज के दौरान मासूम देविका की मौत हो गई। गंभीर अवस्था में सतवती को जिला अस्पताल रिफर किया गया जहां इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया।पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। यह घटना से लोगो सिख लेना चाहिए और वर्षा ऋतु के दौरान विशेष सतर्कता बरतना अत्यंत आवश्यक है। संभव हो तो जमीन पर सोने से बचें और किसी भी सर्पदंश की स्थिति में बिना समय गंवाए तुरंत अस्पताल इलाज पहुंचाए। समय पर इलाज से जीवन बचाया जा सकता है।

# जिले में अब तक 204.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**सुकमा, 10 जुलाई।** भू-अभिलेख कार्यालय जिला सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से शुरू की गई वर्षा मापन में अब तक सुकमा तहसील में 396.3 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 273.6 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 216.2 मिलीमीटर, जगरगुण्डा तहसील में 141.7 मिलीमीटर, छिन्दगढ़ तहसील में 138.8 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 136.2 मिलीमीटर, और गादीरास तहसील में 126.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार सुकमा जिले में अब तक 204.1 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इस मानसून सत्र जिले में 1772.2 मिलीमीटर औसत वर्षा प्रतिवेदन के आधार पर 09 जुलाई को सर्वाधिक वर्षा कोण्टा तहसील में 4.0 मिलीमीटर, सुकमा तहसील में 3.5 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 1.8 मिलीमीटर, छिंदगढ़ तहसील में 0.0 मिलीमीटर दर्ज, गादीरास तहसील में 0.0 मिलीमीटर, जगरगुण्डा तहसील में 0.0 मिलीमीटर, और दोरनापाल तहसील में 0.0 मिलीमीटर, की गई है। इस प्रकार 9.3 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है।

# पार्षदों, जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई जनसमस्याओं का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें : आयुक्त

**कोरबा 10 जुलाई ।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि वार्ड पार्षदों व जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई जनसमस्याओं का निराकरण सर्वो'च प्राथमिकता के साथ करें, पार्षद अपनी वार्ड की जनता के प्रतिनिधि हैं, वार्ड की जनता अपनी समस्याओं को लेकर सर्वप्रथम अपने पार्षद के पास जाती है, वार्ड पार्षद इन समस्याओं के त्वरित निराकरण की अपेक्षा निगम प्रशासन से रखते हैं, अतः उनके द्वारा बताई गई समस्याएं त्वरित रूप से निराकृत हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय आज निगम की एक्शन टीम के साथ प्रातः 07 बजे सर्वमंगला जोन की ग्राम्य बस्ती बरमपुर सर्वमंगला नगर पहुंचे, निगम के वार्ड क्र. 61 व 62 की इन बस्तियों में भ्रमण के दौरान उन्होने उक्ताशय के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त वार्डो की बरमपुर ऊपर बस्ती, ठाकुरदीहा मोहल्ला, मंझवार मोहल्ला तथा सर्वमंगला नगर के विभिन्न मोहल्लों, पारों की गलियों में पैदल भ्रमण करते हुए वहॉं की सफाई व्यवस्था व किए जा रहे सफाई कार्य, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट, सड़क, नाली, बरसाती पानी की निकासी, अतिक्रमण व अवैध कब्जा, डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण सहित अन्य विविध कार्यो, जरूरतों व जनसमस्याओं का सघन रूप से निरीक्षण करते हुए उनके निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। सड़क नाली व कलवर्ट निर्माण के प्रस्ताव बनाएं - भ्रमण के दौरान उक्त मोहल्लों व बस्तियों में सड़क, नाली, कलवर्ट निर्माण की आवश्यकता को देखते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय ने इन निर्माण कार्यो के प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश जोन कमिश्नर को दिए। इसी प्रकार बरसाती पानी व अन्य निस्तारी पानी की समुचित निकासी हेतु बस्तियों में स्थित विभिन्न नालियों को वहॉं पर स्थित बड़ी नाली से कनेक्ट किए जाने संबंधी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी उन्होने दिए। निर्माणाधीन मकानों की भवन अनुज्ञा की जांच करें - उक्त बस्तियों में अनेक मकान भवन निर्माणाधीन पाएं गए, जिनका कार्य प्रगति पर है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को इन मकानों की भवन निर्माण अनुज्ञा की जांच करने तथा बिना अनुमति के मकान भवन का निर्माण होने पर नियमों के तहत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कई स्थानों में सड़क व फुटपाथ पर ईट, गिट्टी, रेत व अन्य निर्माण सामग्री तथा सी.एण्ड डी.वेस्ट की डम्पिंग की गई थी, आयुक्त श्री पाण्डेय ने संबंधितों को नोटिस देने तथा सड़क व फुटपाथ से उनको स्वयं उक्त मटेरियल हटा लेने का अल्टीमेटम देने को कहा, यदि उनके द्वारा सामग्री नहीं हटाई जाती तो नियमों के तहत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। कचरा उठाने में देरी, ठेकेदार पर 5000 रू. अर्थदण्ड - बरमपुर बस्ती में भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने पाया कि ठेकेदार द्वारा कचरा उठाने में देरी की जा रही है, वहीं वार्ड पार्षद के कार्यालय के बगल में भी एक-दो दिन पुराना कचरा पड़ा हुआ है, उन्होने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित सफाई कार्य एजेंसी पर 5000 रूपये का अर्थदण्ड लगाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए, साथ ही एजेंसी को कड़ी हिदायत दी कि सफाई कार्य किए ।जाने के साथ-साथ ही कचरे का उठाव कराएं तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि स्थल से कचरा उठाने में अनावश्यक देरी न हों। दुकानों में डस्टबिन नहीं, लगा अर्थदण्ड - भ्रमण के दौरान आयुक्त ने पाया कि अनेक दुकानों में डस्टबिन नहीं रखें गए।

### ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में मछली पालन एवं मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण 28 जुलाई से

**महासमुंद 10 जुलाई ।** बडौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानए महासमुंद द्वारा जिले के युवक एवं युवतियों के लिए मछली पालन एवं मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण के लिए पंजीयन प्रारम्भ किया गया है। निदेशक ब?ादा आरसेटी ने बताया कि यह दस दिवसीय प्रशिक्षण 28 जुलाई 2025 से प्रारम्भ किया जाएगा। निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए इच्छुक हितग्राही 27 जुलाई तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए आवश्यक दस्तावेज में आधार कार्डए बीपीएल राशन कार्ड की दो.दो छायाप्रतिए अंकसूची ;न्यूनजत 8वीं उत्तीर्णद्ध की एक छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज 5 फोटो शामिल है। पंजीयन के लिए ब?ादा आरसेटी पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास बरोण्डाबाजार में स्वयं उपस्थित होकर या कमलेश पटेल के मोबाइल नम्बर 79997.00673 पर कार्यालयीन समय पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# कलेक्टर एवं जिपं सीईओ से सरपंच संघ ने की मुलाकात



**गीदम। 9 जुलाई।** सरपंच संघ गीदम के द्वारा आज दन्तेवाड़ा कलेक्टरेट कार्यालय में कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं जिला पंचायत कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा से मुलाकात कर ग्राम पंचायतों के समस्याओं को अवगत कराया गया जिसमें ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों को लेकर तथा पूर्व निर्मित स्कूल आंगन बाड़ी जर्जर हालत में है यह जानकारी दी गई। वही कई पंचायतों में बारिश के समय आवागमन बाधित होता है इन सभी समस्याओ से भी अवगत कराया गया । इस दौरान कलेक्टर ने उक्त समस्याओं को तत्काल निराकरण कराने की बात कही है। इस मौके पर प्रतिनिधि मंडल में गीदम जनपद अध्यक्ष शकुंतला भास्कर , सरपंच संघ के अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ पोडीयाम , मंडल अध्यक्ष सुदराम भास्कर शैलेश अटामी, ब्रृजेश कड़की, डीमन नेताम लक्ष्मण नेताम , शिवानी कश्यप,रमेश कुमार कश्यप, घासी राम कश्यप प्रमिला सुराना, संध्या शुक्ला सीमा कोवासी ,शर्मिला भास्कर, मोतीराम सोरी कोरकोटी सरपंच सहित कई ग्राम पंचायत के सरपंच, उप सरपंच मौजूद रहे ।

# राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक आएंगे छत्तीसगढ़ नई बन रही सड़कों का करेंगे निरीक्षण

**रायपुर, 10 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में ग्राम सड़क योजना के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण होगा. जिसके लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक निरीक्षण करने छत्तीसगढ़ आएंगे. इस कड़ी में वह 22 से 26 जुलाई को कोंडागांव जिला का समीक्षक दौरा करेंगे. छत्तीसगढ़ में क्करू ग्राम सड़क योजना के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण होगा. जिसके लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक निरीक्षण करने छत्तीसगढ़ आएंगे. इस कड़ी में वह 22 से 26 जुलाई को कोंडागांव जिला का समीक्षक दौरा करेंगे. इसके अलावा नारायणपुर, कोंडागांव जिला का भी दौरा कर समीक्षक करेंगे, और 16 से 21 जुलाई को नारायणपुर में कार्यों की समीक्षा होगी।

# हाई स्कूल आवराभाटा में छात्रों को यातायात पुलिस ने नियमों की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 10 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा गौरव राय (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर. के. बर्मन तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात नसर उल्लाह सिद्धिकी के मार्गदर्शन और यातायात प्रभारी निरीक्षक- प्रहलाद कुमार साहू के नेतृत्व में बुधवार को सड़क दुर्घटनाओं व दुर्घटना मृत्युदर में कमी लाने हेतु यातायात नियमों का पालन कराने नाबालिगों को वाहन न चलाने एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न, नशा से दूर रहने, महिलाओं से संबंधित मोबाइल ऐप अभिव्यक्ति ऐप आत्मरक्षा, पॉक्सो एक्ट से संबंधित जानकारी देने सघन अभियान चलाकर- स्कूल, कॉलेजों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में जाकर बच्चों को जानकारी देने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है।

जिस पर यातायात प्रभारी दंतेवाड़ा निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू* द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम हाई ह्यष्द्धश्शद्य आंवराभांठा दंतेवाड़ा पहुंच कर- स्कूल प्रबंधन/प्राचार्य श्रीमती सुनीता गोस्वामी एवं प्रधान पाठक राम चन्द्र नागेश जी से संपर्क कर कार्यक्रम आयोजित कर प्राचार्य, प्रधान पाठक, समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओ एवं समस्त शाला स्टॉफ की उपस्थिति में सभी स्कूली बच्चों/छात्र छात्राओं को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के संबंध में व्यापक रूप से जोर देते हुए कहा कि सड़क पर चलते समय हम यातायात नियमो का पालन नही करते हैं तो हमें अपनी जान से तक भी गवानी पड़ सकती है और साथ ही साथ परिवार को भी दर्द झेलना पड़ता है। और नशा से दूर रहने के लिए बताया गया नशा कैसे हमारे जीवन और शरीर को बर्बाद कर देता है।साथ ही साथ वाहन चलाते समय सीट बेल्ट व हेलमेट का उपयोग करने/शराब सेवन कर वाहन न चलाने/बिना ड्राइविंग लाइसेंस व इंश्यूरेंस के वाहन न चलाने/मालवाहक वाहनों पर सवारी न ले जाने/अपर-डिपर का उपयोग करने/ नाबालिग बच्चों को दो पहिया-चार पहिया वाहन न चलाने/ ओवर स्पीड में वाहन न चलाने/ आम रोड पर दोपहिया/चारपहिया वाहनों से स्टंट न करने/बुलेट या अन्य दोपहिया वाहन में तेज आवाज वाली साइलेंसर लगा कर वाहन न चलाने/ वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने/ दोपहिया वाहन में तीन सवारी न चलने/ अपने वाहनों पर स्क्ष्ष्ठ लाइट न लगाने आदि के संबंध में समझाईश दिया गया। इसीलिए कड़ी में आजकल हर हाथ मे मोबाइल होने से ज्यादातर लोग साइबर फ्रॉड के शिकार हो रहे हैं,, जिससे कैसे बचना चाहिये- जिसके लिए हर समय जागरूक रहने और सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान ह्लञ्जह्र और पासवर्ड किसी अनजान व्यक्ति को न देने, FACEBOOK या अन्य सोशल मीडिया में किसी अनजाने व्यक्ति का फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट न करने और न ही फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजने, न उनसे बातचीत, अननोन लिंक को क्लिक न करने, लाटरी या कूपन के बहकावे में नही आने समझाईश दिया गया।महिला सेल प्रभारी सउनि. आशा सिंह द्वारा भी महिलाओं/लड़कियों के साथ होने वाली विभिन्न घटनाओं से बचने हेतु आत्मरक्षा कैसे करनी चाहिए साथ ही अभिव्यक्ति ऐप माध्यम से पुलिस महिलाओं की किस प्रकार तत्काल सहायता करती है, इसलिए सभी लड़कियों/महिलाओं को अपने मोबाइल में अभिव्यक्ति ऐप इंस्टाल करने और उसका उपयोग करने तथा पॉक्सो एक्ट के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई तथा गुड़ टच और बेड टच के बारे में भी समुचित जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में समस्त स्टॉफ, छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने व अपने परिजनों को भी पालन कराने शपथ दिलाया गया साथ ही साथ माँ के नाम एक पेड़ के तहत शाला स्टॉफ के साथ मिलकर पौधा रोपण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान यातायात प्रभारी दंतेवाड़ा निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू, सउनि जितेंद्र त्रिपाठी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम हाई ह्यष्द्धश्शद्य आंवराभांठा दंतेवाड़ा), राम चन्द्र नागेश (प्रधान पाठक,स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम हाई स्कूल आंवराभांठा दंतेवाड़ा)एवं यातायात दंतेवाड़ा के अन्य स्टॉफ व समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं शाला स्टॉफ उपस्थित रहे।

# 'रेडियो जॉकी' बनने की ओर जिले के युवाओं ने बढ़ाया कदम

**दंतेवाड़ा,10 जुलाई ।** नवोदित प्रतिभाओं को मंच देने और उन्हें संप्रेषण कौशल में दक्ष बनाने के उद्देश्य से नवा दंतेवाड़ा रेडियो स्टेशन द्वारा ''रेडियो जॉकी'' प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण दिनांक 09 जुलाई से 29 जुलाई 2025 तक चलेगा। यह कार्यक्रम विकास अनुसंधान संस्थान, दंतेवाड़ा के तत्वावधान में एवं डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट लाइवलीहुड कॉलेज सोसाइटी दंतेवाड़ा के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक कलेक्टॉरेट परिसर स्थित नवा दंतेवाड़ा रेडियो स्टेशन में संपन्न हो रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के 20 चयनित युवाओं को रेडियो प्रेजेंटेशन, आवाज की तकनीक, कंटेंट निर्माण, साक्षात्कार की कला, स्क्रिप्ट लेखन एवं स्टूडियो संचालन आदि की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। रेडियो के माध्यम से युवाओं को संवाद कौशल, आत्मविश्वास और जनसंचार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का उद्देश्य इस पहल के मूल में है। गौरतलब है कि इस ''रेडियो जॉकी'' प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी अत्यंत उत्साहित हैं ।

## एक नजर

### स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर कर रही मलेरिया की जांच, मरीजों को तुरंत मिल रहा उपचार

**दंतेवाड़ा, 10 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ शासन के ÷मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान÷ के अंतर्गत जिले में 12वें चरण की शुरुआत की गई है। इस परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिले के सभी चार विकासखंडों में यह अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। अभियान के लिए जिले में कुल 217 स्वास्थ्य टीमों का गठन किया गया है, जो गांव-गांव और घर-घर जाकर मलेरिया की जांच कर रही हैं। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य कर्मियों की टीम मलेरिया की रैपिड डायग्नोस्टिक किट से लोगों की जांच कर रहे हैं। और यदि कोई व्यक्ति मलेरिया पॉजिटिव पाया जाता है, तो उसे तुरंत निःशुल्क दवाएं देकर उपचार शुरू किया जा रहा है। साथ ही, मरीजों और उनके परिजनों को आवश्यक परामर्श भी दी जा रही है कि वे बीमारी की गंभीरता को समझें और सावधानी बरतें।

### पीएम फसल बीमा योजना के तहत अऋणी कृषक 31 जुलाई तक ले सकते हैं लाभ

**दंतेवाड़ा, 10 जुलाई ।** कार्यालय कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला प्रशासन खरीफ 2025 सीजन के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं, असमय वर्षा, सूखा, ओलावृष्टि, कीट प्रकोप और अन्य जोखिमों से फसल को होने वाली क्षति के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। योजना का उद्देश्य किसानों की आय को स्थिरता प्रदान करना और खेती को एक सुरक्षित व लाभकारी व्यवसाय बनाना है।इस योजना के अंतर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। ऋणी कृषकों का बीमा संबंधित वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वचालित रूप से कर दिया जाएगा, बशर्ते उन्होंने खरीफ 2025 के लिए फसल ऋण लिया हो। लेकिन अऋणी कृषकों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए स्वयं पहल करनी होगी। उन्हें निर्धारित तिथि से पहले अपने नजदीकी ग्राहक सेवा केंद्र (सीएससी) सेंटर में जाकर बीमा कराना आवश्यक होगा। इसके साथ ही अऋणी कृषकों के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति, स्वयं के नाम की भूमि रिकॉर्ड की प्रति, बुआई प्रमाण पत्र, सक्रिय बैंक खाते की प्रति जिसमें खाता संख्या और ईएफएससी कोड तथा निर्धारित प्रीमियम राशि लेकर बीमा केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा। इसके अलावा खरीफ फसलों के लिए बीमा प्रीमियम बीमांकित राशि का केवल 2 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। सिंचित धान के लिए 960 रुपये प्रति हेक्टेयर तथा असिंचित धान के लिए 840 रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से बीमा प्रीमियम निर्धारित किया गया है। गौरतलब है कि यह योजना बहुत ही कम प्रीमियम में किसानों को अधिकतम बीमा सुरक्षा प्रदान करती है।

### सांप डसे तो झाड-फूक में समय न गवाएं, शीघ्र अस्पताल पहुंचे

**कोरबा 10 जुलाई ।** कोरबा जिला वनांचल क्षेत्र होने के कारण, बरसात का मौसम शुरू होते ही वातावरण में नमी और उमस बढ़ने तथा वर्षा का पानी जब उनके बिलों में भर जाने के कारण अपने भोजन की तालाश में जहरीले कीट, सांप बिच्छु अपने व तथा सुरक्षित स्थान की तलाश में अक्सर बाहर आ जाते हैं तथा भोजन की खोज में घरों में घुस जाते हैं और लोगों को काटने का खतरा बढ़ जाता है। जिससे सर्पदंश की घटनाएँ बढ़ जाती हैं । सर्पदंश से अधिकांश व्यक्तियों की आकस्मिक मृत्यु हो जाती है। ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीण सर्पदंश के मामले में चिकित्सा विज्ञान पर विश्वास नहीं रखते है तथा बैगा गुनिया से झाड-फूक्क कराते हैं एवं अंधविश्वास व अज्ञानता के कारण असमय कालकवलित हो जाते हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जानकारी देते हुए बताया कि झाड़-फूक्क से किसी भी सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति की जान नही बचाई जा सकती है। अंधविश्वास के कारण ग्रामीण संर्पदंश के मामलों में झाड-फूक्क में समय नष्ट कर मरणासन्न स्थिति में पीड़ितों को चिकित्सालय लाया जाता है, जिससे ऐसे प्रकरणों में जीवन बचाने में चिकित्सक भी असफल रहते हैं।

# शराब के नशे में स्कूल पहुंचा टीचर वीडियो वायरल होने पर निलंबित

**धमतरी,10 जुलाई।** धमतरी जिले में एक टीचर शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचा. जहां वह खुलेआम खुद को सस्पेंड करने की मांग करने लगा. वहीं इसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है.

### घटना प्राथमिक शाला छोटी करेली की

यह घटना मगरलोड ब्लॉक के प्राथमिक शाला छोटी करेली का है. जहां टीचर कुर्सी पर बैठकर बहकी-बहकी बातें करने लगा. वहीं वायरल वीडियो में वह कहता नजर आ रहा है- ÷मुझे सस्पेंड कर दो, मैं सस्पेंड होना चाहता हूं. आधा वेतन मिलेगा तो घर में बैठकर ही नौकरी करूंगा



वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने टीचर का वीडियो बना लिया, जो अब वायरल हो रहा है. शराब के नशे में हंगामा करते हुए टीचर का वीडियो वायरल होने के बाद उसे सस्पेंड कर दिया गया है।

### डीईओ ने की कार्रवाई

जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले ने बताया कि वीडियो में शिक्षक नशे में दिखाई दे रहा है. उस शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है, और आगे की कार्रवाई की जा रही है। इधर, इस घटना से पेरेंट्स में नाराजगी है. उनका कहना है कि इस तरह के टीचर से बच्चों की शिक्षा प्रभावित होगी. ग्रामीणों ने मांग की है कि ऐसे शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि दोबारा कोई इस तरह की हरकत न करे।

### किसानों को निःशुल्क बीज वितरित

**अंवरी।** भखारा सोसायटी में किसानों को निशुल्क बीज वितरण किया गया छत्तीसगढ़ में, किसानों को मुफ्त बीज वितरण कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनमें धान, तिलहन और दलहन शामिल हैं। कृषि विभाग के अनुसार ये बीज किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से वितरित किए जा रहे हैं। नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल योजना के तहत, किसानों को मूंगफली और अरहर के बीज मुफ्त में दिए जा रहे हैं।

## डेंगू के लक्षण एवं बचाव की स्वास्थ्य विभाग ने दी जानकारी

रायगढ़, 10 जुलाई 2025/ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने बताया कि बरसात के मौसम में बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है और डेंगू जैसी बीमारियाँ भी पानी जमा होने से हो सकती हैं। इससे बचने के लिए लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए और साफ.-सफाई का ध्यान रखना चाहिए। डॉ.टी.जी. कुलवेदी, जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि डेंगू वेक्टर जनित रोग है। प्राय- लोगों को यह नहीं मालूम होता है कि यह डेंगू रोग किस कारण से होता है और इनके लक्षण क्या-क्या है और इनके स्त्रोत क्या-क्या है।डेंगू बीमारी संक्रमित मादा एडिस एजिप्टी म'छर के काटने से स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में संक्रमण होता है। संक्रमित एडिस म'छर के अण्डे भी संक्रमित हो जाते है। पानी के संपर्क में यह अण्डा विकसित होकर व्यस्क म'छर बन जाता है एवं संक्रमण फैलाते है। ये म'छर ठहरे हुये साफ पानी में पैदा होते है और ये दिन के समय काटते है। जनसामान्य अपने अपने घर, आंगन, परिसर के आस-पास, कार्यालय या अन्य स्थानों पर जमा हुआ पानी को तत्काल निस्तारी करें, जहां पानी को निकालना सम्भव न हो तो जला हुआ मोबिल का प्रयोग करें। इस्तेमाल किये हुये कूलर, पानी की टंकी, पक्षियों के पीने के बर्तन, फ्रिज के ट्रे, फूलदान, कोटना, नारियल के खोल, टूटे हुये बर्तन, पुराने टायर व अन्य वस्तुओं में ठहरे हुये पानी में यह म'छर के लार्वा पनपते है। अत- इनमें पानी जमा ना होने दें।

डेंगू के लक्षण होने पर अचानक तेज सिरदर्द व तेज बुखार, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द, आंख के पीछे दर्द, जी मचलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मुंह एवं मसूड़ों से खून आना, त्वचा पर चकते उभरना जैसे पाये जाते है। इसके लिए निकट के स्वास्थ्य केन्द्र /मितानिन/स्वास्थ्य कार्यकर्ता को सूचित करें एवं त्वरित जांचकर इलाज करावें। अधिक जानकारी एवं परामर्श सेवा हेतु 104 डायल कर संपर्क कर सकते है डॉ टी.जी. कुलवेदी ने स्पष्ट किया है कि डेंगू रेपीड डायग्नोस्टिक टेस्ट कीट से जांच होने के उपरांत धनात्मक पाये जाने वाले मरीज केवल डेंगू के संदेहास्पद मरीज होते है, उनको अंतिम डेंगू के धनात्मक मरीज नहीं माना जाता है। उक्त मरीजों को मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में एलिसा टेस्ट रिपोर्ट में धनात्मक पाये जाने पर ही शासन द्वारा डेंगू के मरीज होने की पुष्टि की जाती है।

स्वास्थ्य विभाग ने संक्रमण काल को दृष्टिगत रखते हुये डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु पूर्व तैयारी के लिए दो कार्यशाला का आयोजन कर डेंगू के संबंध में समीक्षा ली गई है जिसमें विकासखण्ड एवं शहरी क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### पीएससी एवं व्यापम परीक्षाओं की तैयारी के लिए मॉक टेस्ट का आयोजन

**बीजापुर 10 जुलाई ।** कैरियर एकेडमी जैतालूर रोड बीजापुर में सीजीपीएससी एवं सीजीव्यापम द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सोमवार से शनिवार तक निःशुल्क कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। कक्षाओं में सामान्य अध्ययन विषय की कक्षा श्री किशोर जायसवाल एवं सुश्री चांदनी यादव द्वारा, गणित एवं रीजनिंग की कक्षा श्री मितुल गुप्ता द्वारा ली जा रही है। कक्षाएं प्रतिदिन प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित की जा रही हैं। इच्छुक अभ्यर्थी बीजापुर कैरियर एकेडमी (संपर्क नंबर 9399702155) में संपर्क कर सकते हैं।

## पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच

**रायगढ़, 10 जुलाई।** मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए माह के 9 एवं 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का विशेष अभियान रायगढ़ जिले के समस्त विकास खण्डों में किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम वाले महिलाओं की पहचान कर स्त्री रोग विशेषज्ञ तथा प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा उनकी समुचित जांच और गुणवत्ता युक्त उपचार सुनिश्चित करना है। इसी कड़ी में आज जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व एम.सी.एच. में अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें गर्भवती महिलाओं को लेबर रूम और ऑपरेशन थियेटर का विजिट कराया गया जिससे उनका प्रसव संबधी तनाव कम हो और उन्हें सुरक्षित प्रसव के लिए मानसिक रूप से तैयार किया जा सके। जिला प्रशासन ने सभी से गर्भवती महिलाओं से अपील की है वे इस



अभियान का लाभ उठाये और सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करें।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के तहत प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा गर्भवती महिलाओं का संपूर्ण जांच किया गया तथा अभियान को एक उत्सव के रूप में जिले के समस्त विकासखण्ड में मनाया गया। मौके पर गर्भवती महिलाओं की आवश्यक जांच हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, सिकलिन, मलेरिया, एच.आई.व्ही., वजन, ऊचाई, टैबलेट आयरन, कैल्शियम और अपने शरीर की स्वच्छता के बारे में महिला चिकित्सा द्वारा विशेष रूप से उपचार कर काउंसलिंग की गई। समस्त हितग्राहियों के खान-पान की संपूर्ण व्यवस्था की गई थी, उसके पश्चात् उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का निजी सोनोग्राफी सेन्टरों में निःशुल्क जांच कराया गया।

### डॉक्टरों ने किया स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के अवसर पर जिले के डॉक्टरों ने स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया। इनमें सीएमएचओ डॉ.अनिल कुमार जगत एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी.जी कुलवेदी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर का निरीक्षण किया। इसी तरह डॉ.सुमित कुमार मण्डल जिला नोडल अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र धरमजयगढ़, डॉ.केनन डेनियल ने सामुदयिक स्वास्थ्य स्वास्थ्य केन्द्र तथा श्री सुरेश कुमार गुप्ता समन्वयक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र लैलूंगा का निरीक्षण किया गया।

## डुमरपाली में विभिन्न योजनाओं के तहत 5430 पौधे लगाए गए

**रायगढ़, 10 जुलाई ।** जनपद पंचायत रायगढ़ के ग्राम पंचायत डुमरपाली में आज प्लांटेशन ड्राइव के तहत एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत स्वीकृत वृक्षारोपण कार्य के तहत किया गया। जिसमें कार्यक्रम अधिकारी श्री ऋषिगणेश नायक ने स्वयं पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को घर-घर जाकर पौधे वितरित किए गए। जिससे ग्रामीणों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिला।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत डुमरपाली की सरपंच श्रीमती डालकुमारी सारथी, जनपद सदस्य श्रीमती शिवकुमारी साहू, तकनीकी सहायक, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आवास मित्र और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने इस पहल की



सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। विभिन्न योजनाओं और जनभागीदारी के माध्यम से कुल 5 हजार 430 पौधे रोपित किए गए हैं। इनमें से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2 हजार 400 पौधे, महात्मा गांधी नरेगा के तहत 1 हजार 550 पौधे, आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से 720 पौधे, स्कूल, हॉस्टल और अन्य संस्थानों में 250 पौधे, पंचायत जनभागीदारी से 510 पौधे रोपित किए गए। यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि ग्रामीण समुदाय को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने में भी प्रभावी सिद्ध हो रहा है।

इस अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को यह प्रेरणा दी जा रही है कि वे अपने घरों और गाँवों के आसपास अधिक से अधिक पेड़ लगाएँ और उनकी देखभाल करें। कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच श्रीमती डालकुमारी सारथी ने कहा यह अभियान हमारे गाँव को हरा-भरा बनाने के साथ-साथ हमारी भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करेगा। जनपद सदस्य श्रीमती शिवकुमारी साहू ने ग्रामीणों से अपील की कि वे न केवल पौधे लगाएँ, बल्कि उनकी नियमित देखभाल भी करें। जनपद पंचायत रायगढ़ के अधिकारियों ने बताया कि यह प्लांटेशन ड्राइव आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### श्रीरामलला दर्शन योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर,10 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन की महात्वाकांक्षी योजना रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के तहत यात्रियों को श्री रामलला अयोध्या धाम का दर्शन कराये जाने हेतु दुर्ग एवं बस्तर संभाग (संयुक्त) के अंतर्गत आने वाले जिलों के कुल 850 यात्रियों को दुर्ग रेल्वे स्टेशन से अयोध्या हेतु स्पेशल ट्रेन रवाना किया जाना सुनिश्चित हुआ है। जिसमें दुर्ग एवं बस्तर संभाग (संयुक्त) 06 अगस्त 2025 से 09 अगस्त 2025 तक एवं 03 सितम्बर 2025 से 06 सितम्बर 2025 तक सुनिश्चित किया गया है। बीजापुर जिले के इच्छुक श्रद्धालुओं से जिला प्रशासन द्वारा अपील किया गया है कि रामलला दर्शन योजना का अथवा नगरपालिका में अपना आवेदन कर सकते हैं। तथा विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

# नैनो डीएपी किसानों के लिए ठोस डीएपी उर्वरक का स्मार्ट विकल्प

**रायगढ़, 10 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को रासायनिक उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। खरीफ 2025 के दौरान डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) की कमी को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने इसके व्यवहारिक विकल्प के रूप में नैनो डीएपी के भंडारण एवं वितरण की विशेष व्यवस्था की है। इसके साथ ही एनपीके और एसएसपी जैसे वैकल्पिक उर्वरकों का भी लक्ष्य से अधिक मात्रा में भंडारण कराया गया है। खेती में ठोस डीएपी उर्वरक की कमी को पूरा करने के लिए किसानों को उसके विकल्प के अनुरूप कृषि वैज्ञानिकों के सुझाव के अनुरूप नैनो डीएपी अथवा एनपीके और सिंगल सुपर फास्फेट खाद की मात्रा का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है।

नैनो डीएपी एक आधुनिक, किफायती और प्रभावशाली तरल उर्वरक है, जो पारंपरिक डीएपी की तुलना में कहीं अधिक उपयोगी और पोषक तत्वों से भरपूर है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के वैज्ञानिकों ने नैनो डीएपी का समर्थन करते



हुए कहा है कि इसके उपयोग से खेती की लागत में कमी आती है। नैनो डीएपी खेत में पोषण की कमी को प्रभावी ढंग से पूरा करता है और उत्पादन की गुणवत्ता को भी बढ़ाता है। नैनो डीएपी पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित है। एक एकड़ धान की फसल के लिए एक बोरी ठोस डीएपी का उपयोग होता है। जिसकी लागत 1350 रूपए होती है, जबकि एक एकड़ में 25 किलो ठोस डीएपी और 500 मिली नैनो डीएपी के मिश्रण का उपयोग किया जाए तो इसकी लागत घटकर 1275 रूपए आती है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों ने एक एकड़ धान की खेती के लिए नैनो डीएपी की उपयोग की विधि की विस्तार से जानकारी दी है। इसके अनुसार नैनो डीएपी की मात्र साढ़े 600 मिली मात्रा एक एकड़ धान की खेती में लगती है। धान की बुआई से पहले एक एकड़ के लिए 30 किलो बीज को 150 मिली नैनो डीएपी को तीन लीटर पानी में घोलकर उसमें बीज उपचारित कर आधा घंटा छाव में सुखाने के बाद बुआई की जाती है। रोपा के समय 50 लीटर पानी में 250 मिली नैनो डीएपी को मिलाकर उसमें थरहा की जड़ों को आधा घंटा डूबाकर रखने के बाद रोपाई तथा फसल बोआई के तीस दिन बाद 125 लीटर पानी में 250 मिली नैनो डीएपी को घोलकर खड़ी फसल पर इसका छिड़काव करना होता है। इससे फसलों को पोषक तत्व मिल जाते है।नैनो डीएपी फसलों को भरपूर मात्रा में पोषक तत्व प्रदान करने के लिए बेहतर विकल्प है। यह पारंपरिक डीएपी के मुकाबले लागत कम और प्रभाव अधिक है। पारंपरिक डीएपी की एक बोरी की कीमत लगभग 1350 रूपए होती है, वहीं नैनो डीएपी की एक बोतल से कई एकड़ भूमि को लाभ पहुंचाया जा सकता है। यह स्प्रे के माध्यम से सीधे पौधों पर छिड़का जाता है, जिससे पोषक तत्वों का त्वरित अवशोषण होता है।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश के अनुरूप राज्य शासन द्वारा किसानों को डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी सहित वैकल्पिक उर्वरकों का पर्याप्त भण्डारण समितियों में किया जा रहा है। किसानों को इसके उपयोग के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। कृषि विभाग ने किसानों से नैनो डीएपी तथा एनपीके, एसएसपी जैसे वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग करने की अपील की है।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर 23 जुलाई तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़, 10 जुलाई ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण जिला-रायगढ़ के अंतर्गत आँगनबाड़ी केन्द्र केराझर तथा आँगनबाड़ी केन्द्र मनुवापाली में कार्यरत सहायिकाओं के त्यागपत्र दिये जाने से आंगनबाड़ी सहायिका का पद रिक्त हो गया है। अतएव ग्राम केराझर एवं मनुवापाली में आँगनबाड़ी सहायिका के रिक्त एक-एक पद की पूर्ति हेतु 23 जुलाई 2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। आँगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति से संबंधित विस्तृत निर्देश व नियम शर्तों का परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

## 30 हजार से अधिक परिवार आवास प्लस सर्वे में हुए शामिल



**बीजापुर 10 जुलाई।** बीजापुर जिले से एक ऐतिहासिक आकड़ा निकलकर सामने आ रहा है, ऐसा पहली बार हुआ है कि माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में नक्सली दहशत को किनारा कर शासन की योजनाओं से जुड़ने ग्रामीण परिवारों ने सर्वे में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई है। हम बात कर रहे हैं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत कराये गए आवास प्लस सर्वे 2.0 की। वर्ष 2018 में तैयार की गई आवास प्लस की सूची में छूटे हुए पात्र परिवारों को सर्वे में शामिल करने मोर दुवार - साय सरकार थीम पर प्रदेश भर महाअभियान चलाया गया। जिले में कुल 30 हजार 186 परिवार इस सर्वे में शामिल हुए है। इस सर्वे की महत्वपूर्ण बात यह है कि 2018 में जहां 117 ग्राम पंचायतों में ही सर्वे किए गए थे, वहीं इस बार जिले में कुल 170 ग्राम पंचायतों में से 165 ग्राम पंचायतों में सर्वे कार्य पूर्ण किया गया है। पहुंच विहीन ग्राम पंचायतें जो दशकों से माओवाद प्रभावित क्षेत्र होने के कारण पूर्व में किये गए सर्वे में छूट गए थे। उन क्षेत्रों में भी जिला प्रशासन की ठोस रणनीति की बदौलत पहली बार वंचित परिवार का सर्वे कर पात्र परिवारों को शामिल करने में सफलता मिली है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के जिला समन्वयक श्री गंभीर सिंह परिहार ने बताया कि कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार के मार्गदर्शन में जरूरत मंद वंचित परिवार तक पहुंचने आवास प्लस सर्वे 2.0 की कार्ययोजना बनाई गई। निरंतर मॉनिटरिंग समय सीमा की बैठकों में नियमित समीक्षा की गई। इन प्रयासों का ही परिणाम है कि बड़ी संख्या में परिवार सर्वे में शामिल हुए हैं।

## अशिक्षितों को साक्षर बनाने की पहल उल्लास साक्षर केंद्र का दूसरा बैच शुरू



**बीजापुर 10 जुलाई।** जिले में अशिक्षितों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और उनकी जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से ÷उल्लास साक्षर केंद्र÷ का दूसरा बैच प्रारंभ किया गया है। यह कार्यशाला 15 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और उन्हें साक्षर बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई।कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें विशेष रूप से आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने तथा शिक्षा के माध्यम से उनके भविष्य को संवारने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में स्वयंसेवी शिक्षक सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं, जो समर्पण भाव से ग्रामीणों को शिक्षित करने के कार्य में जुटे हैं। इस पहल के तहत पढ़ाई के लिए पोस्टर, कॉपी, कलम और स्लेट का वितरण किया गया ताकि इच्छुक शिक्षार्थियों को अध्ययन सामग्री की कोई कमी न हो।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री लखन लाल धनेलिया, जिला परियोजना अधिकारी श्री कमल दास झाड़ी, लेखापाल श्री श्रीनिवास, कुमारी स्मृति ठक्कर, श्री उमा शंकर मोरला और श्री मनोज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाना और हर वर्ग को साक्षर बनाकर आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करना है।

## जिला टीम ने कोंडागांव जिले के स्कूलों का किया औचक निरीक्षण



**सुकमा, 10 जुलाई।** जिला कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा समय सीमा निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान एवं जिला मिशन समन्वयक ईमल बघेल द्वारा गठित जिला दल के नेतृत्व में वेणुगोपाल राव जिला परियोजना अधिकारी एवं श्रीमती शीला शार्दुल सहायक जिला परियोजना अधिकारी एवं जिले के सहायक कार्यक्रम समन्वयक के नेतृत्व में दिनांक 9.7.2025 को जिले के पांचो विकास खंडो में प्राथमिक ,उच्च प्राथमिक , हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल का औचक निरीक्षण किया गया ।इस क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान द्वारा एवं एस आर मरावी द्वारा बोरगांव ,अरंडी, बेलगांव ,सेजेस रांधना, इरा गांव एवं फरसगांव तथा जिला मिशन समन्वयक ईमेल बघेल, चेतन लाल मंडावी विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं बी आर सी ज्ञानी साहू के द्वारा केशकाल के बावनी, मारी,कुए मारी, ऊपर वेदी ,खाले वेदी ,रावबेडामारी ,चेरबेडा, एवं श्रीनिवास नायडू एपीसी द्वारा फरसगांव में भण्डारवंडी ,बैलगांव कन्या आश्रम बैलगांव, माध्यमिक शाला आलोर, पैसरा तथा सहदेव मरकाम द्वारा केशकाल के कुकड़ादहा, खाले मुरवेड दादरगढ़, सालेभाट हरवेल का निरीक्षण किया गयाद्य उपरोक्त निरीक्षण में पाठ्यपुस्तकों की स्केनिंग ,वितरण की प्रगति, गणवेश वितरण की जानकारी, एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में अधिक से अधिक पेड़ लगाकर ऑनलाइन प्रविष्टि करने,मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच , शालाओं में बच्चो की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतू पालकों से सतत संपर्क करने हेतू निर्देश दिए गये । एवं सभी शिक्षकों को समय पर शाला पहुंचने हेतू निर्देश जारी किया गया ।

## नवीन बने सीए, कड़ी मेहनत से पाया मुकाम

**खरसिया,10 जुलाई।** नगर की प्रतिष्ठित फर्म भगतराम श्री किशन तिगड़ानीया के स्व. भगतराम जी के पौत्र एवं शहर की जानी मानी हस्ती



स्व. नटवर पांडे के सुपुत्र नवीन अग्रवाल ने कड़ी मेहनत एवं लगन से सीए फाइनल एग्जाम क्लियर कर लिया और सीए बन गए है। नवीन शुरू से ही होनहार छात्र रहे है। इन्होंने 12वीं कक्षा में अपनी क्लास में टॉप किया था। इनकी 12वीं तक की पढ़ाई खरसिया में पूरी हुई तथा उसके पश्चात रायपुर में रहकर कड़ी मेहनत एवं लगन से यह मुकाम हासिल करते हुए अपने माता-पिता सहित परिवार का नाम रोशन किया। सीए नवीन ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी माता, बड़ी बहन सहित मित्रो एवं परिजनों को दिया है। नवीन ने बताया उनकी माताजी एवं बड़ी बहन ने हमेशा उन्हें भरपूर सहयोग किया जिनकी बदौलत आज वो इस मुकाम पर पहुंच पाएं है। सीए नवीन अग्रवाल की इस चमकीली सफलता से तिगड़ानीया परिवार सहित पूरे नगर में हर्ष की लहर है।

# घपले-घोटालों की खुद मॉनिटरिंग करेंगे जेपी नड्डा

## नेताओं को नसीहत- व्यवहार ठीक रखें, भ्रष्टाचार से दूर रहें, भाजपा प्रशिक्षण शिविर को कांग्रेस ने बताया राजनीतिक नौटंकी

**रायपुर, 10 जुलाई।** अंबिकापुर में चल रहे भारतीय जनता पार्टी का प्रशिक्षण शिविर खत्म हो चुका है। मैनपाट में 3 दिनों तक जनता के चुने हुए नेता इस प्रशिक्षण शिविर में शामिल रहे। शिविर में सरकार के सभी मंत्री, सांसद और विधायकों ने संगठन के बड़े नेताओं के व्याख्यान को सुना। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, शिव प्रकाश, विनोद तावड़े और वी सतीश जैसे नेताओं की क्लास इन छत्तीसगढ़ के जनप्रतिनिधियों ने अटेंड की। शिविर में नेताओं को खास नसीहत दी गई। एक व्यवहार ठीक रखे दूसरा भ्रष्टाचार से दूर रहे। जेपी नड्डा खुद इसकी मॉनिटरिंग करेंगे। मैनपाट में कुछ विधायक वीडियो बनवाते और तस्वीर भी खिंचवाते दिखे, इस पर कांग्रेस ने तंज कसा है। इस पूरे प्रशिक्षण शिविर को लेकर कांग्रेस ने राजनीतिक बयान बाजी भी की। आखिर तीन दिनों तक पूरी सरकार मैनपाट में क्यों रही?

संगठन के नेताओं का फोकस इस बात पर था कि नेता ज्यादा से ज्यादा जनता से जुड़ें। जनता के बीच उनका व्यवहार ऐसा हो कि लोग भारतीय जनता पार्टी से कनेक्ट रहें। भ्रष्टाचार की वजह से सरकार और पार्टी दोनों की छवि बिगड़ती है। इसे लेकर भी बेहद ध्यान से व्यवहार करने के निर्देश सांसद विधायकों को मिले हैं। यह भी बताया गया कि विपक्ष को जनता से जुड़े मुद्दों पर आक्रामक तरीके से घेरना होगा।

**'घपले घोटाले की शिकायत ना आए':** अलग-अलग सेशन में बार-बार बड़े नेता इस बात को दोहराते हुए नजर आए कि सरकार और पार्टी की छवि जनता के बीच बेहतर बने। छत्तीसगढ़ सरकार काम करती हुई सरकार दिखाई दे, विपक्ष को किसी बात का मुद्दा बनाने का अवसर न मिले, सरकार का एक्शन प्रभावी ढंग से जनता के बीच जाए। पार्टी को घपले घोटाले में अपने नेता न फंसे इसकी चिंता है।



### सिर्फ सांसद-विधायकों की ट्रेनिंग इस वजह से

इस प्रशिक्षण शिविर में सिर्फ सांसदों और विधायकों को बुलाने का महत्वपूर्ण मकसद था। दरअसल भाजपा सरकार की छवि का मेकओवर चाहती है। संगठन के बड़े नेताओं से सांसद और विधायकों का इंटरेक्शन करवाया गया। कामकाज को लेकर नसीहतें दी गईं। इसके पीछे का उद्देश्य सरकार के कामकाज को और बेहतर करना था।

### नड्डा के बताए 5 मंत्र

- समाज, संगठन और सरकार के प्रति जागरूक हो। तैयारी अगले चुनाव की रखिए, आपके काम और व्यवहार का प्रभाव जनता पर होता है।
- भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि विचार, मूल्य और सेवा का एक समर्पित आंदोलन है। जनता को इससे जोड़ना है।
- सरकार में मौजूद सांसद-विधायकों को संगठन के साथ अधिक तालमेल बैठाकर जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत है।
- बूथ स्तर पर पार्टी की उपस्थिति हो केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम आपका है। विपक्ष के दुष्प्रचार का तथ्यपूर्ण जवाब देने की रणनीति हमें अपनानी है।
- ये प्रशिक्षण केवल औपचारिकता नहीं है, यह नेतृत्व को तैयार करने, संगठन को सशक्त बनाने और कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने का माध्यम है।
- देश और प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार के विकास कार्यों और इनिशिएटिव को छत्तीसगढ़ के गांव-गांव, घर-घर पहुंचाना है।

### इस प्रशिक्षण के ये बड़े असर होंगे

**संगठन और सरकार का कोऑर्डिनेशन-** सरकार और संगठन के नेताओं के बीच सामंजस्य बढ़ाने पर जोर दिया गया है। पार्टी के अभियान, आइडियोलॉजी पर काम करने कहा गया है। सरकार के फैसलों को लोग पार्टी से जोड़कर भी देखते हैं, इसलिए ये अहम है।

**मॉनिटरिंग होगी-** नेताओं को इस प्रशिक्षण शिविर से ये बताने का प्रयास किया गया है कि आप जो कर रहे हैं उसकी मॉनिटरिंग हो रही है। इससे नेताओं की जवाबदेही तय होगी।

**जनता से कनेक्ट-** बार बार सभी बड़े नेता लोगों के बीच रहकर काम करने की बात पर फोकस करते दिखे। ये भी कहा गया कि लोगों से व्यवहार अच्छा रखें। ऐसा करने से जनता सरकार और पार्टी से जुड़ाव महसूस कर सकेगी।

**योजनाओं पर फोकस-** केंद्र और राज्य सरकार के पास ऐसी योजनाएं हैं जिससे लोंगों को आर्थिक फायदा मिल रहा है। इसके प्रचार पर जोर दिया जाएगा और अधिक लोगों को इन योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

**चुनावी तैयारी शुरू-** इस प्रशिक्षण शिविर के बाद अब भाजपा 2028 में होने वाले विधानसभा चुनावों के हिसाब से प्लानिंग शुरू करने जा रही है। कई तरह के अभियान लॉन्च होंगे, जिनका सीधा असर चुनावी नतीजों पर होगा।

**एक्टिव दिखेगी सरकार-** सरकार अब एक्टिव दिखेगी, कंस्ट्रक्शन के काम, लोगों को योजनाओं के सामान देने की बात हो, या किसी मुद्दे पर फैसला लेना हो इस प्रशिक्षण शिविर के बाद इसके बेहतर होने की स्थिति बनेगी।

**विपक्ष पर होंगे आक्रामक-** सरकार विधानसभा में कांग्रेस पर आक्रामक दिखेगी, सदन के बाहर भी चाहे सोशल मीडिया हो या कोई कार्यक्रम कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों को फैक्ट के साथ घेरने की सलाह दी गई है।

समाचार संक्षेप



मुनव्वर फारुकी के शो में शामिल हुई खुशी मुखर्जी, बोलीं- मुझे गर्व महसूस हो रहा है।

एक नजर

### राज्यपाल डेका को लोकायुक्त ने सौंपा वार्षिक प्रतिवेदन



**रायपुर, 10 जुलाई।** राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ लोक आयोग के लोकायुक्त न्यायमूर्ति आई.एस. उबोवेजा ने भेंट कर छत्तीसगढ़ लोक आयोग का 23 वां वार्षिक प्रतिवेदन राज्यपाल को सौंपा। इस अवसर पर कानूनी सलाहकार अजीत कुमार राजभानु, उप सचिव के.पी. सिंह भदौरिया, तकनीकी सलाहकार राकेश पुरम एवं पी.एस. राजेश गजेंद्र भी उपस्थित थे।

### गुरु पूर्णिमा पर राजधानी में कलश यात्रा एवं पादुका पूजन के साथ मना महोत्सव

**रायपुर, 10 जुलाई।** राजधानी में आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मठ मंदिरों और आश्रम में विभिन्न कार्यक्रम हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 107 की शाखाओं में भगवा ध्वज और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर स्वयंसेवकों ने गुरु के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। राजधानी के प्राचीन मंदिर दूधाधारी मठ में आज महंत श्याम सुंदर दास ने भगवान की पूजा अर्चना की जिसके पश्चात भक्तों को दर्शन दिया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वृद्धाश्रम महादेव घाट में भी संत राजीव रंजन महाराज की उपस्थिति में गुरु के प्रति श्रद्धा भाव रखते हुए गुरु का दर्शन किया तथा आशीर्वाद लेने भक्त बड़ी संख्या में पहुंचे। सुरेश्वर महादेव पीठ में सुबह भक्तों को दीक्षा दी गई तथा महाप्रसादी का वितरण किया गया। गांधी उद्यान स्थित सत्यदर्शन आश्रम में भी चरण पादुका का कार्यक्रम रखा गया। शांतिपाठ गुरु वंदना के पश्चात भजन कीर्तन किया गया। उसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। राष्ट्रीय स्वयं संघ के नगरीय निकाय के अध्यक्ष महेश बिड़ला ने बताया राजधानी में 167 संघ की शाखाएं है आज यहां पर प्रातः स्वयंसेवकों ने काली टोपी एवं गणवेश में आकर भगवा ध्वज के सामने गुरु दक्षिणा दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिक शामिल हुए। बिड़ला के अनुसार आगामी भविष्य में कुछ बड़े आयोजन किये जाएंगे।

### मांगों को लेकर छग दिव्यांग सेवा संघ 16 को करेगा विधानसभा घेराव

**रायपुर, 10 जुलाई।** फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर 148 से भी अधिक लोग इस समय छग शासन के विभिन्न विभागों में कार्यरत है। इस संबंध में छग दिव्यांग संघ के प्रदेश सचिव संतोष कुमार टोंडे ने जानकारी देते हुए बताया कि निशक्तजन आयोग मुख्यमंत्री विभागीय मंत्री आदि को छह सूत्रीय मांगों को लेकर अनेकोंबार ज्ञापन सौंपा गया इसके बाद भी शासन द्वारा दिव्यांगजनों को न तो सेवा में लिया गया और न ही सम्मानजनक मानदेय दिया गया। संतोष के अनुसार इस समय छग शासन ने सात डिप्टी कलेक्टर, तीन लेखा अधिकारी, नायब तहसीलदार दो सहकारिता निरीक्षक तीन एवं पशु चिकित्सक सहित सभी 148 प्रशासनिक सेवाओं पर काम कर रहे अधिकारियों एवं कर्मियों का संभाग अथवा राज्य मेडिकल बोर्ड से दिव्यांगता का भौतिक परीक्षण कराकर तत्काल बर्खास्त किया जाए। संतोष ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ द्वारा एक दिवसीय रैली निकालने के लिए एसडीएम से अनुमति मांगी गई थी। अनुमति नहीं दी गई समस्त दिव्यांगों को दो दिसंबर 2024 को टिकरापारा साहू समाज भवन में हाउस अरेस्ट करवाया गया। द्वितीय मांग उनकी है समस्त विभागों में दिव्यांग कोटे के बैगलॉक पदों पर विशेष भर्ती अभियान चलाकर विज्ञापन दिया जाए।

भाजपा के शिविर पर दीपक बैज ने साधा निशाना

# मैनपाट में सरकार ने मनाया पिकनिक, जनता बेहाल

**रायपुर, 10 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले मैनपाट में बीजेपी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ. इसे लेकर प्रदेश में जमकर सियासत हो रही है. पीसीसी चीफ दीपक बैज ने इसे मस्ती की पाठशाला बताया है.



छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले मैनपाट में बीजेपी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ. इसे लेकर प्रदेश में जमकर सियासत हो रही है. जहां एक ओर इस शिविर को लेकर बीजेपी नेताओं का कहना है कि-उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला, तो दूसरी तरफ दीपक बैज ने इसे मस्ती की पाठशाला बताया है.

मैनपाट में हुए बीजेपी के 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सरकारी खर्च पर पिकनिक बताया है. उन्होंने राज्य में किसानों की बदहाली, बारिश से जलमग्न बस्तियों और शिक्षा व्यवस्था पर सरकार को घेरा है.

**कई मुद्दों को लेकर साधा निशाना:** उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में डेढ़ साल के भ्रष्टाचार पर ही चर्चा करनी पड़ी. खुद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य नेताओं ने राज्य सरकार को नसीहत दी. यह प्रशिक्षण शिविर नहीं बल्कि मस्ती की पाठशाला÷ थी, जहां पूरी सरकार मौज-मस्ती में लिप्त रही.

### महापौर ने गुरू पूर्णिमा की दीं शुभकामनाएं

**रायपुर, 10 जुलाई।** राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़ ने श्रीगुरू पूर्णिमा दिनांक 10 जुलाई 2025 गुरूवार के अवसर पर समस्त नगरवासियों को अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें दी हैं. महापौर मीनल चौबे और सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने कहा कि सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्राचीन युग से ही प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में श्रीगुरूदेव का विशेष स्थान है. महापौर मीनल चौबे और सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने श्रीगुरू पूर्णिमा के अवसर पर श्रीगुरूदेव के दिव्य श्रीचरणों में समस्त नगरवासियों को जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और शान्ति प्रदान करने की विनम्र प्रार्थना की है.

# 22 प्रतिष्ठानों पर छापे के बाद जीएसटी टीम की जांच पूरी

## कारोबारियों पर लगेगा करोड़ों का लगेगा जुर्माना

**रायपुर, 10 जुलाई।** छत्तीसगढ़ की जीएसटी टीम ने पिछले महीने रायपुर समेत 22 जगहों पर कारोबारियों के ठिकानों पर छापे मारे थे, जिसमें रायपुर से लगी एक बड़ी गुटखा फैक्ट्री भी शामिल थी. बताया जा रहा है कि छापे में मिले दस्तावेजों की जांच लगभग पूरी हो गई है. जल्द ही इस मामले में बड़ा खुलासा किया जाएगा.

जांच पूरी होने के बाद इन तमाम कारोबारियों से करोड़ों का टैक्स मिलने की भी उम्मीद है.



प्रारंभिक जांच में ही 5 करोड़ से ज्यादा की टैक्स चोरी सामने आ चुकी थी. इसके बाद अफसरों की टीम ने लगातार एक-एक संस्थानों के हर दस्तावेजों की जांच कर बड़ी कार्रवाई की है.

विभाग के अफसरों ने पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि बिना टैक्स दिए कारोबार नहीं हो पाएगा. यही वजह है कि पिछले तिमाही में छत्तीसगढ़ देश के उन टॉप राज्यों में शामिल था, जहां से केंद्र सरकार को सबसे ज्यादा जीएसटी का कलेक्शन कर दिया गया है. इस बार की तिमाही में भी यह रिकार्ड बरकरार रखने की कोशिश की जा रही है. सभी कारोबारियों से कहा जा रहा है कि वे कोई भी टैक्स लंबित न रखें.

# राजधानी में वर्षा के कारण अनेक वार्डों में जलभराव

**रायपुर, 10 जुलाई।** राजधानी में आज निरंतर वर्षा के कारण अनेक क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। खारून नदी का भी जलस्तर बढ़ते जा रहा है। जिसे देखने के लिए लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। महापौर के निर्देश के बावजूद भी अब निगम के नालियों की सफाई की कलई खुलती जा रही है। विभिन्न वार्डों के पार्षद एवं जोन आयुक्त वस्तुस्थिति की जानकारी ले रहे है। निगम इसकी साफ सफाई करोने के लिए जेसीबी और फोनलैन का सहारा ले रहा है।

नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत मौलाना अब्दुल ररूफवार्ड के अंतर्गत शास्त्री बाजार के सामने मुख्य बाजार मार्ग पर बंजारी वाले बाबा की मजार से एवरग्रीन चौक तक जाने वाले मार्ग पर दुकानों के सामने से पाटों को दो जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़कर सड़क में जल भराव की समस्या को दूर करने कार्यवाही जोन 4 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव और जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र चंद्राकर की उपस्थिति में की गयी. बंजारी वाले बाबा की मजार से एवरग्रीन चौक जाने वाले मार्ग में दुकानों के सामने सड़क किनारे नाली पर बनाये गए लगभग 30 पाटों को जेसीबी मशीन से तोड़कर हटाया गया और भारी मात्रा में नाली बन्द होने के चलते जाम नाली का मलमा हटाकर सफाई करवाई गयी और जल के भराव की समस्या को शास्त्री बाजार के सामने मुख्य मार्ग में दूर किया गया।



भेंट



**रायपुर, 10 जुलाई।** राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में अर्जुन पुरूस्कार से सम्मानित भारतीय पैरा डोंगी एथलीट प्राची यादव ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मनीष कोरव, खिलाड़ी विपिन कुर्मी, कोच प्रशांत सिंह रघुवंशी, रोहित काले, अमरजीत छाबड़ा भी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा की दी शुभकामनाएं

**रायपुर, 10 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च स्थान प्रदान किया गया है। आषाढ़ पूर्णिमा के दिन भारत में गुरु पूर्णिमा मनाने की परंपरा है। यह दिन गुरु के अमूल्य ज्ञान, मार्गदर्शन और उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का विशेष अवसर होता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गुरु जीवन में अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का आलोक प्रदान करते हैं। उनके द्वारा दी गई शिक्षा और मूल्य हमारे जीवन के पथ को आलोकित करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अभी को गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए प्रगति के पथ पर अग्रसर होते हुए जीवन को सार्थक करना चाहिए।



# जमीन विवाद निपटाने के लिए सेवा शुल्क मांगने वाला तहसीलदार सस्पेंड

**सक्ती, 10 जुलाई।** जमीन विवाद पर सेवा शुल्क मांगने वाले सक्ती जिले के जैजैपुर तहसील के तहसीलदार नंदकिशोर सिन्हा को आखिरकार निलंबित कर दिया गया है. विवाद के निपटारे के लिए तहसीलदार ने रिश्वत की यह रकम तहसीलदार ने अपने ड्राइवर के 'फोन पे' पर लिया था.

बिलासपुर संभागायुक्त द्वारा जारी निलंबन आदेश में लिखा गया है कि जैजैपुर तहसीलदार एनके सिन्हा द्वारा राजस्व प्रकरण के निराकरण के दौरान आम जनता से अभद्र व्यवहार करने के साथ प्रकरण के निराकरण के एवज पांच हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कराने का यह वीडियो लल्लूराम डॉट कॉम में वायरल वीडियो वायरल हुआ है.

इस पर कलेक्टर द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था, जिस पर तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने, और लल्लूराम डॉट कॉम में पूरे वाकये का वीडियो सामने आने से प्रशासन की छवि धूमिल हुई है. इस पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम के विपरित पाते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है. निलम्बन अवधि में तहसीलदार का मुख्यालय सक्ती कलेक्टर कार्यालय निर्धारित किया गया है.




### सावन मास शुरू, भोलेनाथ के दरबार सज रहे

**रायपुर, 10 जुलाई।** प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी सावन मास 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। भोलेनाथ के मंदिरों में सावन सोमवार को दृष्टिगत रखते हुए भव्य तैयारियां चल रही है। शहर के प्रमुख मंदिरों में हटकेश्वर महादेव महादेवघाट, नीलकंठेश्वर महादेव भाठागांव, बूढ़ेश्वर महादेव पुरानी बस्ती, दूधाधारी मठ मठपारा, बंजारी धाम आदि सहित राज्य भर में शिवालयों में सावन सोमवार की तैयारी जोरशोर से की जा रही है।

राजधानी में लुटेरों का आतंक!

# दिनदहाड़े बुजुर्ग से ई-रिक्शा में लूट, सब्जी लेने गई महिला से चेन स्नैचिंग की वारदात

**रायपुर, 10 जुलाई।** राजधानी रायपुर में अपराधियों के हौंसले इस कदर बुलंद हैं कि अब दिनदहाड़े लूटपाट की वारदातें आम होती जा रही हैं। हाल ही में शहर के अलग-अलग इलाकों में दो सनसनीखेज घटनाएं सामने आई हैं जिसमें एक बुजुर्ग और एक महिला को बदमाशों ने अपना निशाना बनाया।

पहली घटना डीडी नगर थाना क्षेत्र की है जहां रोहिणीपुरम तालाब के पास तीन अज्ञात बदमाशों ने एक बुजुर्ग को ई-रिक्शा में लूट लिया। पीड़ित बुजुर्ग अपने बेटे को अस्पताल में भर्ती करवाकर घर लौट रहे थे तभी बदमाश ई-रिक्शा में जबरदस्ती घुस आए। उन्होंने बुजुर्ग से उनका मोबाइल फोन और 20 हजार रुपये नकद लूट लिए। यही नहीं बदमाशों ने ई-रिक्शा चालक का मोबाइल भी छीन लिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है लेकिन अब तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाया है।



दूसरी घटना खमतराई थाना क्षेत्र की है। बाजार में सब्जी खरीदने गई एक महिला से चैन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दिया गया। बाइक सवार अज्ञात लुटेरे महिला के गले से सोने की चैन झपटकर फरार हो गए। चैन की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। इस वारदात में महिला के गले में चोट भी आई है। पीड़िता की शिकायत पर खमतराई थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अज्ञात चेन स्नैचरों की तलाश में जुटी है।

# ट्रेन की चपेट में आकर दो युवकों की मौत

## एक की नहीं हुई पहचान

**रायपुर, 10 जुलाई।** रायपुर में सरस्वती नगर इलाके में अलग-अलग घटनाओं में ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। एक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। दूसरे की पहचान हो गई है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक पहली घटना सुबह करीब 5.30 बजे हुई। भवानी नगर के पास रेलवे ट्रैक पर करीब 35 साल का युवक चल रहा था। इस दौरान सरोना की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। इससे कटकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। दूसरी घटना सुबह करीब 10 बजे मारुति लाइफ स्टाइल कॉलोनी के पास रेलवे ट्रैक पर हुई। कृष्णा नगर निवासी सतीश ठाकुर (32) पटरी किनारे-किनारे कहीं जा रहा था। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक ने खुदकुशी की है या हादसे का शिकार हुआ? इसका पता नहीं चल पाया है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26